हरिभूमि

जींद-कैथल भूमि

रोहतक, शुक्रवार 16 अक्टूबर 2026

तापमान

अधिकतम 26 .0 डिग्री से.
न्यूनतम 19 .0 डिग्री से.

10 ऑनलाइन तबादला नीति से बाहर रखने की मांग



10 वंशिका ने कुश्ती में जीता जिला स्तरीय स्वर्णिम स्थान



खबर संक्षेप

बरसात के चलते खेल ट्रायल रद्द, अब 21 को

जींद। वीरवार को वर्षा के चलते महाकुंभ की जिला स्तरीय ट्रायल स्थित कर दी गई है। जिला खेल अधिकारी रामपाल हुड्डा ने बताया कि अब 15 को होने वाली ट्रायल 21 अक्टूबर को होगी। उन्होंने बताया कि खो-खो की प्रतियोगिता हथवाला, कराटे, बैडमिंटन व बेसबाल की ट्रायल अर्जुन स्टेडियम जींद, नेटबाल की ट्रायल निडानी व लान टेनिस की ट्रायल डीसी कालोनी में होगी।

तेजरफ्तार कार ने मारी टक्कर, व्यक्ति की मौत

जींद। गांव खटकड़ के निकट शाम को खेतों से घूम कर लौट रहे व्यक्ति को हाइवे पर तेज रफ्तार कार ने टक्कर मार दी। जिसमें व्यक्ति की मौत हो गई। मृतक पशुओं का व्यापार करता था। उचाना थाना ने मृतक के भांजे की शिकायत पर फरार कार चालक के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। गांव खटकड़ निवासी बलवान (49) अपने भांजे के साथ शाम को गांव बडौदा की तरफ अपने खेतों में घूमने के लिए गया हुआ था। जब दोनों हाइवे के साथ घर की तरफ लौट रहे थे, उसी दौरान पीछे से आ रही तेजरफ्तार कार ने बलवान को टक्कर मार दी।

आरोपित 30 हजार की नकदी सहित गिरफ्तार

जींद। थाना जुलाना पुलिस ने चोरी मामले में 30 हजार रुपये सहित आरोपित को गिरफ्तार किया है। आरोपित की पहचान गांव छारा (झज्जर) निवासी योगेश के रूप में हुई है। थाना जुलाना के प्रभारी कमल ने बताया कि लिजवाला कलां निवासी मोहिनी ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि उसके पास उसका मौसेरा भाई गांव छारा (झज्जर) निवासी योगेश उसके पास अक्सर आता-जाता रहता है। जो कई-कई दिन ठहरता है। गत 11 अक्टूबर को योगेश उसके पास आया था। शराब पीने से चोट भी लगी थी। उसने हालातों को देखते योगेश को रोकने की भी कोशिश की। बावजूद इसके योगेश बाइक लेकर चला गया था।

मारपीट तथा बदसलूकी करने पर छह नामजद

जींद। गांव रायचंदवाला में रंजिशन एक परिवार के साथ मारपीट करने पर अलेवा थाना पुलिस ने छह लोगों के खिलाफ मामला दर्ज किया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है। गांव अलेवा निवासी एक युवती ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि उनकी कर्मबीर परिवार से रंजिश चली आ रही है। उसी रंजिश के चलते कर्मबीर परिवार ने उसके परिवार के साथ मारपीट की।

250 ग्राम प्रतिबंधित गोलियों सहित एक काबू

जींद। सीआइए स्टाफ सफीदों ने अनाज मंडी गेट पर एक युवक को काबू कर उसके कब्जे से 250 ग्राम नशीली प्रतिबंधित दवाइयां बरामद की हैं। आरोपित नशीली गालियां बेचने की फिराक में था। शहर थाना सफीदों पुलिस ने आरोपित के खिलाफ नशीले पदार्थ निरोधक अधिनियम के तहत मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

सीआइए स्टाफ सफीदों को सूचना मिली थी कि मंडी गेट के निकट एक युवक नशीली प्रतिबंधित गोलियों के साथ खड़ा हुआ है। जो उन्हें बेचने के लिए ग्राहकों का इंतजार कर रहा है।

1.162 किलो गांजा फूल पत्ती सहित आरोपी काबू

कैथल। एंटी नारकोटिक सैल ने एक आरोपी को गांजा फूल-पत्ती सहित काबू किया है। आरोपी के कब्जे से 1 किलो 162 ग्राम गांजा फूल-पत्ती बरामद हुई। पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि एंटी नारकोटिक सैल प्रभारी एसआई प्रदीप कुमार की अगुवाई में एसआई बलराज सिंह की टीम को करनाल बाईपास कैथल के पास गश्त दौरान एक गुप्त सूचना मिली की एक युवक सुनील कुमार सरकारी अस्पताल के पास खाली पड़ी जगह पर नशा करने वाले व्यक्तियों को गांजा फूल-पत्ती बेच रहा है।

...उफ ये नफरतः जिसे गोद में खिलाया उसी के सीने में उतार दीं छह गोलियां

नहीं पसीजा पिता का दिल, भतीजे की शादी में शामिल होने आया था आरोपित, डेढ़ वर्षीय बेटे के सिर से उठा बाप का साया

हरिभूमि न्यूज ▶▶ जींद

उफ लोमहर्षक, जिस पिता ने अपने इकलौते बेटे को कंधे पर बैठा कर उस बेटे के भविष्य के सपने बुने। फिर उसी इकलौते बेटे की गोलिया मार कर हत्या कर दी। गुस्सा एक गोली मारने तक नही उतरा बल्कि गिरने के बाद भी सिर में पांच गोलियां उतरा दी। घटना के दौरान बेटा अकेला नही था बल्कि पुलिस की डायल 112 तथा अन्य लोग भी मौजूद थे। बेटे हत्या करके आरोपित अपना असलहा लहराता हुआ चला गया। यह घटना बीती देर रात गांव तलौडा की है। हालांकि पुलिस ने आरोपित पिता समेत पांच लोगों पर मामला दर्ज कर लिया है। आरोपित की धरपकड़ के लिए तीन पुलिस



मृतक के शव के पोस्टमार्टम को लेकर कागजी कार्रवाई करते हुए पुलिसकर्मी।

टीमें लगी हुई हैं। गांव तलौडा में अपने बेटे मुरारी की गोलियां मार कर हत्या करने वाला आरोपित मदन पिछली योजना गांव का सरपंच था। बेटे मुरारी की शादी के बाद अनबन के चलते वह पत्नी तथा छोटी बेटी के साथ चंडीगढ़ रहने लगा। हालांकि मृतक मुरारी का कुछ दिन पहले आप्रेशन हुआ था। पिता से खतरा बताते हुए मुरारी ने पुलिस को शिकायत भी दी थी। परिवारिक मामला जानकर पुलिस ने हस्तक्षेप नही किया। अब बीती रात मदन ने अपने बेटे मुरारी की गोलियां मार कर जान ले ली। मृतक की पत्नी शिवानी के अनुसार उसके पति ने खतरा भांप कर बीती रात पुलिस की डायल 112 को काल कर भी बुलाया था। घटना से कुछ समय पूर्व मृतक मुरारी की उसके पिता मदन से कहासुनी हो गई थी। सूचना पर डायल 112 के दो पुलिसकर्मी भी मौके पर पहुंचे थे। जब पड़ोसी गुरबख्श के कमरे का दरवाजा खोल पुलिस कर्मियों को बताना चाहा तो उसी दौरान मदन ने अपने बेटे मुरारी के पेट मे गोली मारी दी। फिर नीचे गिरते ही मुरारी के सिर में पांच गोलिया और मार दी। हालातों को देख डायल 112 कर्मी भी वहां से खिसक गए। अन्य लोगों की भी हिम्मत आरोपित को रोकने की नही हुई। जिसके बाद आरोपित अपना असलहा लहराता हुआ वंहा से फरार हो गया। आरोपित पूर्व सरपंच मदन परिवार में ही रिश्ते के भतीजे की शादी में आया था। जिसके चलते वहां पर खुशी माहौल था। एक तरफ तो देर रात को लोग डीजे पर खुशियों में झूम रहे थे। दूसरी तरफ पिता मदन अपने बेटे मुरारी की हत्या की योजना बना रहा था। शिवानी के अनुसार पहले उसके पति को बुलाने के लिए एक युवक को भेजा था। जिस पर उसका पति नही गया। उसे अंदेशा हो गया था। जिसके चलते डायल 112 को सूचना दी गई थी। जब मदन द्वारा अपने बेटे की हत्या की सूचना पहुची वहां पर तो शादी मे मातम पसर गया।

आरोपित वारदात को अंजाम देकर फरार

सदर थाना प्रभारी मनीष कुमार ने बताया कि जब वारदात हुई डायल 112 पहुंची हुई थी। मौके पर मौजूद लोगों को संभलने का मौका नही मिला। जिसके चलते आरोपित वारदात को अंजाम देकर भाग निकला। पुलिस की तीन टीमें आरोपित की धर पकड़ में लगी हुई है। जिसमें दो सीआइए की तथा एक सदर थाना की है। जल्द आरोपित को गिरफ्तार कर लिया जाएगा।

पुत्रवधु के चरित्र पर संदेह, बेटे की जान लेकर उतरा गुस्सा

मृतक मुरारी बीमार रहता था। वह चंडीगढ़ छोड़ कर पत्नी शिवानी तथा डेढ वर्षीय बेटे को लेकर गांव तलौडा रहने लगा था। आरोपित अपनी पुत्रवधु के चरित्र पर संदेह करता था। घरेलू लेवल पर पंचायत भी हुई लेकिन कोई समाधान नही निकला। मृतक मुरारी अपनी पत्नी का साथ देता था। यही बात मदन को खाए जा रही थी। उसी के चलते वह अपने बेटे से मन मे दुश्मनी पाल बैठा था। पूर्व मे भी आरोपित अपने बेटे को धमकी देता था। वह अपने ही बेटे की जान ले ले गा यह किसी को विश्वास नही था। शिवानी के अनुसार उसके ससुरालीजनों ने योजनाबद तरीके से उसके पति की हत्या करवाई है। जिसमे सास ,ननंदे तथा पड़ासी शामिल है।

तेज बारिश बनी आफत.....



कैथल में किसान की आंखों के सामने पानी में बहा धान

खुले आसमान के नीचे पड़ा दो लाख एमटी धान भीगा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कैथल

कैथल में बुधवार देर रात से जारी मूसलाधार बरसात बृहस्पतिवार दोपहर तक जारी रही। तेज बरसात के कारण अनाज मंडियों व खेतों में पड़ी किसानों की करोड़ों रुपये की धान खराब हो गई। अनाज मंडियों में धान खराब होने का सबसे बड़ा कारण धीमा उठान बताया जा रहा है। बरसाती पानी निकासी के उचित प्रबध न होने तथा तेज बरसात के कारण बरसाती पानी कैथल तथा पूंडरी अनाज मंडी में खुले आसमान के नीचे रखी धान तथा बोरियों के नीचे घुस गया जिस कारण किसानों ओर आढ़तियों को भारी नुकसान हुआ है। यही नहीं बरसात व अंधड के कारण खेतों में खड़ी धान की फसल गिरने से भी किसानों को भारी नुकसान बताया जा रहा है। गौरतलब है कि जिले की विभिन्न अनाज मंडियों में 3 लाख 9 हजार 220 मीट्रिक टन धान की खरीद की जा चुकी है। वहीं उठान केवल 1 लाख 31 हजार 736 मीट्रिक टन धान का हो पाया है। ऐसे में इस समय भी मंडियों में करीब दो लाख मीट्रिक टन धान कर फसल पड़ी है। उठान न होने के कारण फसल पर मौसम की मार पड़ रही है, जिससे किसानों को दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। आंकड़ों के अनुसार खाद्य एवं आपूर्ति विभाग ने 1,51,654 मीट्रिक टन धान की खरीद की है। इसी प्रकार हैफेड द्वारा 1,04,272 मीट्रिक टन तथा हरियाणा वेयरहाउसिंग कॉरपोरेशन द्वारा 5,32,94 मीट्रिक टन धान खरीदा गया है। अरनौली में 4,200 मीट्रिक टन, भागल में 3309 मीट्रिक टन, ढांड में 47,909 मीट्रिक टन, धनौरी में 443 मीट्रिक टन, गुहला चीका की पुरानी मंडी में 23,897 मीट्रिक टन तथा नई मंडी में 42,684 मीट्रिक टन धान की खरीद हुई है।

तेज बरसात से मंडियों में धान के नीचे घुसे पानी से करोड़ों का नुकसान



पूंडरी। अनाज मंडी में पानी में बह रहा धान। फोटो :हरिभूमि

सुरक्षा को लेकर पुख्ता इंतजाम: एसडीएम

एसडीएम संजय कुमार ने कहा कि जिले की मंडियों में धान की सरकारी खरीद सुचारू रूप से चल रही है। बारिश के मौसम को देखते हुए मंडियों में धान की सुरक्षा को लेकर पुख्ता इंतजाम किए गए हैं। अब तक कुल खरीद का लगभग 52 प्रतिशत कार्य पूरा हो चुका है। खरीद प्रक्रिया में और तेजी लाने के लिए संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए गए हैं।

प्रबंध करना जरूरी

एसडीएम संजय ने बताया कि बारिश प्राकृतिक कारणों से होती है, इसलिए किसानों की फसल और खरीदे गए धान को भीगने से बचाने के लिए एहतियाती प्रबंध करना जरूरी है। सभी आढ़तियों को निर्देश दिए गए हैं कि वे पर्याप्त मात्रा में तिरपाल की व्यवस्था रखें और मंडियों में रखे खरीदे धान को अच्छी तरह ढककर रखें, ताकि बारिश पर नुकसान न पहुंचे। फिलहाल किसी भी मंडी से जलभराव की शिकायत प्राप्त नहीं हुई है। वहीं मंडियों में किसानों की सुविधा, धान की खरीद और उठान सहित अन्य व्यवस्थाओं पर निगरानी रखी जा रही है।

पूंडरी मंडी में बिगड़े हालात धान बचाने में जुटे किसान

पूंडरी। पूंडरी व पाई की अनाज मंडी में धान की खरीद और लिफ्टिंग की धीमी रफ्तार के बीच बारिश ने किसानों और आढ़तियों की परेशानी बढ़ा दी है। गुरुवार सुबह हुई तेज बारिश से मंडी और आसपास के खुले स्थानों पर पड़ी धान की फसल भीग गई। कई जगह धान की ढेरियों के नीचे से पानी निकल आया, जबकि कच्चे स्थानों पर जमा धान में एक से दो फुट तक पानी भरने की बात सामने आई है। किसान सुबह से ही भीगे धान को निकालकर सुखाने में जुटे रहे। वहीं, बारिश के कारण भीगे धान के कट्टों में पानी भरने से उनकी लिफ्टिंग करवाना भी मुश्किल हो गया है। आढ़तियों के सामने सबसे बड़ी चुनौती भीगे कट्टों को उठवाने की है। कट्टों की ढांग लगवाने के लिए अतिरिक्त मजदूर लगाने पड़ रहे हैं, जिससे उनका खर्च बढ़ रहा है। दूसरी ओर किसानों पर दोहरी मार पड़ रही है। किसानों को पहले ही धान के उचित भाव और सरकारी खरीद को लेकर परेशानी का सामना करना पड़ रहा था। अब बारिश ने उनकी मुश्किलें और बढ़ा दी हैं। मंडी के अलावा पाई रोड, ढांड रोड, अरमान कॉलोनी, 50 फुटा रोड और हैफेड के सेलर के प्लेटफार्म सहित अन्य सार्वजनिक स्थानों पर पड़ा धान भी बारिश की चपेट में आया है।



जींद। पटियाला चौक पर जमा बरसाती पानी से गुजरते वाहन। फोटो :हरिभूमि

किसानों के अरमानों पर फिरा पानी

जींद। जिले में वीरवार सुबह तेज हवा के साथ हुई बारिश आफत के रूप में बरसी। मंडियों मे पड़ा लाखों क्विंटल धान तथा बाजरे की फसल भीग गई। खेतों में खड़ी तैयार धान फसल पसर गई। जिसने किसानों को खून के आंसू बहाने को मजबूर कर दिया। हालात यहां तक रहे कि नरवाना अनाज मंडी से पंप सेट लगा कर पानी निकालना पड़ा। तेज हवा के कारण होर्डिंग, बोर्ड उखड़ गए। कुछ स्थानों पर पेड़ भी टूट कर गिर गए। बारिश के कारण कई स्थानों पर जलभराव भी हुआ। जिससे लोगों को परेशानी का सामना करना पड़ा। बारिश के चलते तापमान में भी गिरावट दर्ज की गई। जिले में औसतन 11.42 एमएम बारिश दर्ज की गई। सबसे ज्यादा बारिश नरवाना में 30 एमएम दर्ज की गई। वीरवार को अधिकतम तापमान 27 डिग्री तथा न्यूनतम तापमान 20 डिग्री दर्ज किया गया। मौसम में आद्रता 66 प्रतिशत तथा हवा की गति 13 किलोमीटर प्रतिघंटा दर्ज की गई। मौसम विभाग के अनुसार आगे मौसम में उतार-चढाव बना रहेगा। पश्चिमी विक्षोभ के चलते मौसम ने मध्यरात्री के बाद करवट ले ली थी। आकाश में बादल घिर आए। वीरवार को दिन का आगाज आकाश में छाए बादलों तथा तेज हवा के साथ हुआ।



दुकान पर बोर्ड लगा रहे मकेनिक की करंट से मौत

जींद। पिल्लूखेड़ा मंडी में वीरवार को तेज हवा तथा बारिश के दौरान गिरे बोर्ड को दुकान पर सैट कर रहे बिजली मकेनिक की करेंट लगने से मौत हो गई। पिल्लूखेड़ा थाना पुलिस ने मृतक के शव का पोस्टमार्टम करा परिजनों को सौंप दिया। पुलिस मामले की जांच कर रही है। गांव धड़ौली निवासी पवन (42) ने पिल्लूखेड़ा मंडी में बिजली मकेनिक की दुकान चलाए हुए था। वीरवार को सुबह तेज हवा तथा बारिश के दौरान दुकान पर लगा बोर्ड नीचे लटक गया। दुकान खोलने के बाद पवन लटक रहे बोर्ड को सैट कर रहा था। उसी दौरान बोर्ड ऊपर से गुजर रही 11 हजार केवी बिजली लाइन को छू गया। जिसमें पवन को बिजली का जोरदार करेंट लगा। जिसके साथ वह बेसुध हो गया। आसपास के लोगों ने पवन को उपचार के लिए नागरिक अस्पताल लाया गया। जहां पर उपचार के दौरान पवन ने दम तोड़ दिया। घटना की सूचना पाकर पिल्लूखेड़ा थाना पुलिस मौके पर पहुंची और हालातों का जायजा लिया। पुलिस ने मृतक के पिता के बयान पर इत्तफाकिया कार्रवाई कर शव का पोस्टमार्टम करा परिजनों को सौंप दिया है।

ट्रक पर तिरपाल लगा रहे मालिक की गिर कर मौत

जींद। गांव अलेवा के निकट दिल्ली-जम्मू नेशनल हाइवे पर वीरवार को सुबह तेज हवा तथा बारिश के दौरान ट्रक पर तिरपाल लगा रहे गाड़ी मालिक की गिर कर मौत हो गई। अलेवा थाना पुलिस ने इत्तफाकिया कार्रवाई कर मृतक के शव का पोस्टमार्टम करा परिजनों को सौंप दिया है। अलेवा निवासी प्रदीप (26) का ट्रक अलेवा से धान लेकर वीरवार सुबह धूरी (पंजाब) जा रहा था। मौसम खराब होने के कारण उन्होंने ट्रक को दिल्ली-जम्मू नैशनल हाइवे के किनारे खड़ा कर दिया। वीरवार को अल सुबह वह अपने भाई प्रवीण के साथ गाड़ी पर तिरपाल लगा कर रस्सा खींच रहे थे। उसी दौरान प्रदीप का बैलेंस बिगड़ गया और वह सिर के बल नीचे आ गिरा। जिसमें वह गंभीर रूप से घायल हो गया। मौके पर मौजूद उसके छाटे भाई प्रवीण ने अन्य लोगों की सहायता से उसे नागरिक अस्पताल पहुंचाया। जहां पर चिकित्सकों ने प्रदीप को मृत घोषित कर दिया।

दिल्ली-कुरुक्षेत्र डीएमयू ट्रेन में दोस्त की हत्या

कैथल। कैथल से दिल्ली-कुरुक्षेत्र डीएमयू ट्रेन में सवार होकर कुरुक्षेत्र जा रहे तीन दोस्तों में कहासुनी के बाद झगड़ा हो गया। झगड़े में एक दोस्त ने अपने दोस्त को पीट दिया। इस घटना में 55 वर्षीय ऋषिपाल की मौत हो गई। आरोप है कि मृतक ऋषिपाल के दोस्त राकेश ने उसे पीटकर अधमरा कर दिया, जिससे उसकी मौत हो गई। दरअसल, तीन दोस्त बुधवार रात के समय हरिद्वार जाने के लिए कैथल से डीएमयू ट्रेन सवार होकर कुरुक्षेत्र जा रहे थे। आरोपी राकेश द्वारा मारपीट करने के बाद वह फरार हो गया। इसके बाद तीसरे दोस्त सुदेश कुमार गंभीर हालत में ऋषिपाल को घर लेकर पहुंचा, जहां से परिजन उसे अस्पताल ले गए। डॉक्टरों ने जांच के बाद उसे मृत घोषित कर दिया। परिजनों ने राकेश पर हत्या का आरोप लगाया है। हालांकि इस मामले में जीआरपी पुलिस ने अभी 194 की कार्रवाई की है। परिजनों के बयान के आधार पर आगामी कार्रवाई की जाएगी।



नागरिक अस्पताल में ओपीडी का बदला समय

जींद। जिला मुख्यालय स्थित नागरिक अस्पताल, उपमंडल स्तर के अस्पतालों में शुक्रवार से ओपीडी का समय बदल जाएगा। अब अस्पतालों में सुबह नौ से ओपीडी की शुरूआत होगी और तीन बजे तक चिकित्सक मरीजों की जांच करेंगे। जबकि गर्मियों में स्वास्थ्य विभाग द्वारा अस्पतालों में सुबह आठ बजे से ओपीडी की शुरूआत की जाती थी और दो बजे तक चिकित्सक अपने कमरों में बैठ कर मरीजों की जांच करते थे। अब सर्दियों के मौसम को देखते हुए अब एक घंटा बाद में ओपीडी की शुरूआत की जाएगी व एक घंटा बाद छुट्टी होगी।

चार बसों पर लगाया 4000 जुर्माना

जींद। जिला परिवहन अधिकारी कार्यालय की टीम द्वारा गुरूवार को स्कूली बसों की जांच का अभियान चलाया गया। इस दौरान जींद क्षेत्र में छह स्कूलों में 25 बसों की जांच हुई। इस दौरान बस में सीसी टीवी कैमरा, फायर सिलेंडर व हेल्पलाइन नंबर नहीं मिलने पर चार चालान करते हुए चार हजार रुपये का जुर्माना लगाया गया। गौरतलब है कि प्रत्येक सप्ताह गुरूवार को को जिला परिवहन अधिकारी कार्यालय टीम स्कूली बसों की जांच को लेकर अभियान चलाती है। जांच के लिए चार सदस्यीय टीम का गठन किया गया है, जिसमें जिला परिवहन अधिकारी कार्यालय से इंस्पेक्टर, एमवीआई, ट्रैफिक पुलिस से सब इंस्पेक्टर व जिला शिक्षा अधिकारी से एक प्रतिनिधि को शामिल किया जाता है। जांच के दौरान बसों में सुरक्षा मानकों की जांच की जाती है, जिसमें रिफ्लेक्टर, फायर सिलेंडर, सहित चालक व परिचालकों के लाइसेंस की जांच की जाती है। जिले में 350 से ज्यादा निजी स्कूल हैं। इसमें एक लाख से अधिक विद्यार्थी शिक्षा ग्रहण कर रहे हैं।

शादी, विवाह और सामाजिक कार्यक्रमों के लिए मिलेंगी सुविधाएं, प्रति गांव 33 लाख होंगे खर्च

पांच गांवों में मिनी कम्युनिटी सेंटर का शिलान्यास

हरिभूमि न्यूज ▶▶ जुलाना

जुलाना क्षेत्र के पांच गांवों गतौली, देवरड़, किनाना, करसोला और लजवाना कलां में मिनी कम्युनिटी सेंटर के निर्माण कार्य का शिलान्यास किया गया। इस मौके पर आयोजित कार्यक्रमों में हरियाणा सार्वजनिक उपक्रम ब्यूरो के चेयरमैन एवं भाजपा के पूर्व प्रदेशाध्यक्ष मोहन लाल बड़ौली ने मुख्यअतिथि के रूप में शिरकत कीए जबकि कार्यक्रमों की अध्यक्षता हरियाणा समाज कल्याण बोर्ड के चेयरमैन कैप्टन योगेश बैरागी ने की। प्रत्येक गांव में मिनी कम्युनिटी सेंटर के निर्माण पर 33 लाख रुपये खर्च किए जाएंगे। मोहन लाल बड़ौली ने कहा कि सरकार विकसित भारत के लक्ष्य को ध्यान में रखते हुए प्रदेश में विकास कार्य करवा रही है। वर्ष 2047 तक भारत को विकसित राष्ट्र बनाने के संकल्प के साथ गांवों में भी बुनियादी सुविधाओं को मजबूत किया जा रहा है। मिनी कम्युनिटी सेंटर बनने से ग्रामीणों को अपने गांव में ही सामाजिक कार्यक्रम आयोजित करने के लिए बेहतर स्थान उपलब्ध होगा। उन्होंने कहा कि ग्रामीण इन केंद्रों का इस्तेमाल शादी, विवाह और अन्य सामाजिक आयोजनों के लिए कर सकेंगे। इससे लोगों को दूर.दराज के स्थानों पर जाने की जरूरत नहीं पड़ेगी और गांवों में ही सुविधाएं उपलब्ध होंगी। उन्होंने ग्रामीणों से विकास कार्यों में सहयोग करने और सामाजिक गतिविधियों में भागीदारी बढ़ाने का आह्वान किया।



करसोला गांव में मिनी कम्युनिटी सेंटर का शिलान्यास करते मोहन लाल बडौली।

नशामुक्त हरियाणा बनाने का दिलाया संकल्प

कार्यक्रमों के दौरान मोहन लाल बड़ौली ने ग्रामीणों को नशामुक्त हरियाणा बनाने का संकल्प दिलाया। कहा कि नशा युवाओं के भविष्यए परिवारों की खुशहाली और समाज की प्रगति के लिए गंभीर चुनौती है। इस समस्या को खत्म करने के लिए सरकार के प्रयासों के साथ-साथ समाज की भागीदारी भी जरूरी है। उन्होंने युवाओंए अभिभावकोंए ग्रामीणों और सामाजिक संगठनों से नशे के खिलाफ जागरूकता फैलाने तथा प्रत्येक गांव को नशामुक्त बनाने के लिए मिलकर काम करने की अपील की। उन्होंने कहा कि जनभागीदारी से ही स्वस्थ, सुरक्षित और नशामुक्त हरियाणा के निर्माण के लक्ष्य को हासिल किया जा सकता है।

खबर संक्षेप

विधायक ने माता भ्रामरी धाम में की पूजा-अर्चना

उचाना। नवरात्र के पावन अवसर पर उचाना के विधायक देवेंद्र चतरभुज अत्री परिवार सहित देवभूमि बनभौरी स्थित माता भ्रामरी शक्तिपीठ धाम पहुंचे। यहां उन्होंने माता के दर्शन कर विधिवत पूजा-अर्चना की और देश व प्रदेश की सुख-समृद्धि, शांति एवं खुशहाली की कामना की। विधायक देवेंद्र चतरभुज अत्री ने कहा कि नवरात्र का पर्व श्रद्धा, आस्था और भक्ति का प्रतीक है। माता रानी की आराधना से मन को शांति मिलती है और सकारात्मक ऊर्जा का संचार होता है। उन्होंने कहा कि मां भ्रामरी सभी पर अपनी कृपा बनाए रखें।

वार्डन के रवैये को लेकर रजिस्ट्रार को सौंपा ज्ञापन

जींद। अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद ने विश्वविद्यालय के छात्रावासों में विद्यार्थियों को आ रही विभिन्न समस्याओं के समाधान की मांग को लेकर विश्वविद्यालय के रजिस्ट्रार को ज्ञापन सौंपा। परिषद ने छात्रावास में रहने वाले विद्यार्थियों से बार-बार सिक्योरिटी फीस वसूलने, जमा सिक्योरिटी राशि वापस न करने, पानी की गुणवत्ता से संबंधित समस्याओं तथा वार्डन द्वारा छोटी-छोटी बातों पर विद्यार्थियों को छात्रावास से निष्कासित करने के कथित मामलों पर गंभीर चिंता व्यक्त की।

समस्याओं का त्वरित समाधान प्राथमिकता

जींद। आमजन की समस्याओं का त्वरित एवं प्रभावी समाधान करना राज्य सरकार और जिला प्रशासन की प्राथमिकता है। इसी उद्देश्य से वीरवार को एसडीएम पुलकित मल्होत्रा की अध्यक्षता में समाधान शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में एसडीएम ने नागरिकों की समस्याओं को गंभीरता से सुना और संबंधित विभागों के अधिकारियों को उनके समाधान के लिए आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। शिविर के दौरान कुल सात शिकायतें रखी गईं। जिनका मौके पर ही समाधान किया गया। एसडीएम ने कहा कि समाधान शिविर आमजन और प्रशासन के बीच सीधा संवाद स्थापित करने का प्रभावी माध्यम हैं।

फर्जी इंस्टा आईडी बना अश्लील सामग्री डाली

जींद। युवती के नाम से फर्जी इंस्टा आईडी बना, अश्लील सामग्री अपलोड करने तथा भद्दे कामेंट्स करने का मामला सामने आया है। जुलाना थाना पुलिस ने शिकायत के आधार पर तीन युवतियों समेत छह लोगों के खिलाफ आईटी एक्ट, धमकी देने समेत विभिन्न भारतीय न्याय संहिता के तहत मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। जुलाना थाना इलाके की एक महिला ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि जुलाना निवासी मुस्कान ने अपनी सहेलियों तथा कुछ अन्य लोगों ने उसकी बेटी के नाम से फर्जी इंस्टा आईडी बना ली।

41 हजार 502 मीट्रिक टन धान की हुई खरीद

जींद। जिले की अनाज मंडियों में धान की आवक और खरीद का कार्य निरंतर जारी है। मंगलवार देर शाम तक जिले की विभिन्न अनाज मंडियों में कुल 41,502 मीट्रिक टन धान की आवक दर्ज की गई। उपायुक्त डा. वैशाली शर्मा ने बताया कि जिला प्रशासन द्वारा मंडियों में किसानों की सुविधाएं, सुचारू खरीद प्रक्रिया, फसल के उठान तथा आवश्यक व्यवस्थाओं की नियमित निगरानी की जा रही है ताकि किसानों को अपनी फसल बेचने में किसी प्रकार की परेशानी का सामना न करना पड़े।

रिंकी ने बॉक्सिंग में अव्वल स्थान पाया

जींद। राजकीय महिला महाविद्यालय की बीए प्रथम वर्ष की छात्रा रिंकी ने गत 14 अक्टूबर को राजकीय महाविद्यालय नरवाना में आयोजित अंतर महाविद्यालय बॉक्सिंग प्रतियोगिता में शानदार प्रदर्शन करते हुए 54 किलोग्राम भार वर्ग में प्रथम स्थान प्राप्त कर महाविद्यालय का नाम रोशन किया है। छात्रा रिंकी की इस उल्लेखनीय उपलब्धि से महाविद्यालय में खुशी की लहर है। इस अवसर पर महाविद्यालय के प्राचार्य रणधीर सिंह ने छात्रा रिंकी तथा शारीरिक शिक्षा के प्राध्यापक डा. राजेश बुरा को हार्दिक बधाई दी। छात्रा की मेहनत, लगन, अनुशासन व खेल के प्रति समर्पण की सराहना की।

स्वास्थ्यकर्मियों ने सीएमओ कार्यालय का किया घेराव

ऑनलाइन तबादला नीति से बाहर रखने की मांग

31 तक समस्याओं का समाधान करें, वरना अनशन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

बहुउद्देशीय स्वास्थ्य कर्मचारी एसो के आह्वान पर पर जिला के सैंकडों स्वास्थ्य कर्मचारियों ने जिला प्रधान प्रदीप लाठर के नेतृत्व में सिविल सर्जन कार्यालय पर धरना व प्रदर्शन करते हुए सिविल सर्जन के माध्यम से सरकार को ज्ञापन भेजा। ज्ञापन के माध्यम से बहुउद्देशीय स्वास्थ्य कर्मचाारियों को ऑनलाइन तबादला नीति से बाहर रखने की मांग की। ज्ञापन लेने में देरी करने तथा स्थानीय समस्याओं के समाधान करने में की जा रही अनावश्यक देरी के विरोध में स्वास्थ्य कर्मचारियों ने सिविल सर्जन कार्यालय का घेराव भी किया और आगाह किया कि यदि 31 तक स्थानीय समस्याओं का समाधान नही किया गया तो नवंबर माह में स्वास्थ्य कर्मी सिविल सर्जन कार्यालय को घेराव करते क्रमिक अनशन करेंगें। धरने व प्रदर्शन का संचालन जिला सचिव गुरनाम सिंह ने किया। धरने को संबोधित करते एसोसिएशन के राज्य प्रैस सचिव संदीप कुंडू ने सरकार की इस नीति का कड़े शब्दों में विरोध करते कहा कि ऑनलाइन ट्रांसफर पॉलिसी में आदर्श जैसा कुछ नहीं है, सरकार ने पारदर्शी नीति का हवाला देते नीति की शुरुआत की थी लेकिन रेशनेलाइजेशन के नाम पर अनेकों जिलों के बहुत सारे पद बंद कर दिए गए हैं। उन गांवों एवं क्षेत्रों में स्वास्थ्य सेवाओं के होने वाले नुकसान की भरपाई किसी भी सुरत में संभव नहीं है। बहुउद्देशीय स्वास्थ्य कर्मचारी ग्रामीण स्तर पर स्वास्थ्य सेवाओं की रीढ़ हैं और मलेरिया, डेंगू सहित विभिन्न वेक्टर जनित रोगों की रोकथाम, सर्वेक्षण, टीकाकरण, जनजागरूकता व राष्ट्रीय स्वास्थ्य कार्यक्रमों के क्रियान्वयन में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। लंबे समय से सेवाएं प्रदान करने के चलते आमजन पर विश्वास बनाया हुआ है। जिसके चलते राष्ट्रीय कार्यक्रमों की गति जोर पकड़ती है लेकिन बड़े पैमाने पर तबादले होने से नई जगह जाने से वहां के क्षेत्र के बारे में जानने एवं वहां के लोगों के बीच विश्वास बनाने में समय लगेगा। जिससे राष्ट्रीय कार्यक्रमों की गति पर असर पड़ना भी स्वाभाविक है।



जींद। मांगों को लेकर सीएमओ को ज्ञापन सौंपते हुए। फोटो :हरिभूमि

प्रमुख मांगें

जिला प्रधान प्रदीप लाठर, उपप्रधान नीलम व वित्त सचिव अमरजीत ने सराकर से मांग की कि विभाग में खाली पड़े हजारों पदों पर नियमित भर्ती करने की मांग दोहराई। उन्होने बताया कि हरियाणा प्रदेश में बेरोजगारी के आंकड़ों की ओर सरकार का ध्यान दिलाते हुए कहा कि प्रदेश में हजारों एमपीएचडब्ल्यू महिला एवं पुरुष डिप्लोमाधारक सरकार द्वारा निर्धारित सीईटी पास होने के बाद भी बेरोजगारी की आग में झुलस रहे हैं।

सफाई कर्मचारी का प्रबंध करवाने की मांग

मांग की कि कार्यालय के लिए जगह उपलब्ध करवाई जाए। हब कटर व एमसीपी कार्ड, जीवन रक्षक दवाइयों का उप स्वास्थ्य केंद्र स्तर पर प्रबंध करवाया जाए। वर्ष 2020-2023 तथा 2024-2027 की बकाया एलटीसी का भुगतान करवाने, एसीपी के मामले समय पर निदेशालय मे भिजवाने तथा उप स्वास्थ्य केंद्रों पर सफाई कर्मचारी का प्रबंध करवाने की मांग की। इस अवसर पर सुशील कुमार, जगदीप, देवी राम कौशिक, सुनील कुमार, बलिंद्र, आरती देवी, सोनिया, रीतू, रानी, मुकेश रानी, शीला देवी, मनोज, प्रदीप कुमार, निर्मल कुमार, अनील लाठर, संदीप, रमेश कुमार, कुलदीप सिंह तथा स्वास्थ्य सुपरवाइजर संघ के राज्य प्रधान राममेहर वर्मा, लैब टैक्नीशियन के प्रदेश पदाधिकारी ओमपाल ढांडा सहित अन्य स्वास्थ्यकर्मी मौजूद रहे।

न्यू कृष्णा कॉलोनी में 18 को गूंजेंगे मां के जयकारे

जींद। शहर की न्यू कृष्णा कॉलोनी स्थित मां भगवती मंदिर में 18 अक्टूबर को 24वां विशाल मां भगवती जागरण एवं भंडारे का आयोजन किया जाएगा। इस धार्मिक आयोजन को लेकर श्रद्धालुओं में उत्साह है। कार्यक्रम में भजन गायिका गीतू शर्मा, गायक जगदीप हरियाणवी और सोनू दुब्बलिया सहित अन्य कलाकार मां भगवती की भेंटों का गुणगान करेंगे। यह जागरण मंदिर के अनिल पुजारी के सान्निध्य में आयोजित होगा। आयोजन समिति के पदाधिकारियों जयपाल खोबड़ा और बलजीत रधाना ने बताया कि 18 अक्टूबर को विशाल भंडारा सुबह 10 बजे शुरू होगा जबकि मां भगवती का जागरण रात्रि नौ बजे से आरंभ होगा। जागरण में भजनों और मां की भेंटों के माध्यम से श्रद्धालुओं को भक्तिरस से सराबोर किया जाएगा।

हमेटी में 50 महिला किसान और 40 कृषि अधिकारी सम्मानित

जींद। हरियाणा कृषि प्रबंधन एवं प्रशिक्षण संस्थान (हमेटी) जींद में राज्यस्तरीय महिला किसान दिवस का आयोजन किया गया। इसमें प्रदेश के सभी जिलों से कृषि क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करने वाली 50 महिला किसानों और 40 महिला कृषि अधिकारियों एवं कर्मचारियों को सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में करीब 250 महिलाओं ने भाग लिया। इस दौरान महिला किसानों को प्राकृतिक खेती, कृषि आधारित रोजगार, खाद्य प्रसंस्करण और कौशल विकास के माध्यम से आत्मनिर्भर बनने के लिए प्रेरित किया गया। अध्यक्षता करते हमेटी के निदेशक डा. सुरेंद्र सिंह यादव ने कहा कि कृषि क्षेत्र में महिलाओं का योगदान बेहद महत्वपूर्ण है। वे बीज की बिजाई से लेकर फसल की कटाई, अनाज के रखरखाव और कृषि आधारित गतिविधियों तक अहम जिम्मेदारियां निभाती हैं।



जींद। मांगों को लेकर ज्ञापन सौंपते दुकानदार। फोटो :हरिभूमि

पुराना बस स्टैंड के अंदर तिब्बती मार्केट पर रोक लगाने की मांग

डिप्टी स्पीकर से मिले व्यापारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

व्यापारियों का शिष्टमंडल वीरवार को रेडीमेड एसो व गोहाना रोड के एसो के दुकानदार जींद व्यापार मंडल के प्रधान महाबीर कंप्यूटर व सुनील वशिष्ठ के नेतृत्व में डिप्टी स्पीकर डा. कृष्ण मिड्ढा से मिला। महाबीर कंप्यूटर ने बताया कि पुराना बस स्टैंड जींद के अंदर तिब्बती मार्केट लगती हे, जो कि केवल एक ही व्यक्ति की होती है। सर्दियों के मौसम में रेडिमेड कपड़ों की सेल लगती है। ना तो ये लोग कोई जीएसटी अदा करते हैं और ना ही इनका कोई खर्चा होता है। जबकि जींद शहर के रेडीमेड गारमेंट्स के व्यापारी जीएसटी भरते हैं और तीन-चार कर्मचारियों का वेतन तथा दुकान का किराया भरते हैं और साल भर के सर्दी के सीजन का इंतजार करते हैं। तिब्बती मार्केट हर वर्ष सेल लगाकर रेडीमेड गारमेंट्स की सेल को बहुत ज्यादा प्रभावित करते हैं और शहर के दुकानदारों को अक्सर मंदी के दौर से गुजरना पड़ता है। इसके अलावा सीजन का काफी माल बच जाता है। जिससे कि दुकानदारों को काफी नुकसान का सामना करना पड़ता है। इसके अलावा नप जींद की दुकानों के किरायेदार ने लिखित ज्ञापन दिया और कहा कि उन्होंने मुख्यमंत्री स्वामित्व योजना का लाभ लेना चाहती है। हरियाणा सरकार के द्वारा योजना मुख्यमंत्री स्वामित्व योजना चलाई गई थी। जिसका समय 30 दिसंबर 2020 तय हुआ था लेकिन बाद में इस अवधि को बढा कर 30 अक्टूबर 2024 कर दिया गया था। गोहाना रोड जींद के नप के दुकानों के किरायेदार ने डिप्टी स्पीकर के माध्यम से मुख्यंत्री से अनुरोध किया है कि मुख्यमंत्री स्वामित्व योजना को वन टाइम योजना को बदलकर सुचारू से नियमित किया जाए। इस शिष्टमंडल में मुख्य रूप से रेडीमेड गारमैंट्स के प्रधान अनिल राणा, विनय मार्ग गोहाना रोड के प्रधान आशू कथूरिया, रेडीमेड गारमैंट्स के पदाधिकारी शंशाक, विनोद शर्मा, मनजीत खान, पवन शर्मा, प्रदीप, रविन्द्र सिंह, अंकित, प्रवीन, प्रदीप, आनंद, सतबीर मौजूद रहे।

श्रद्धालुओं ने मां स्कंदमाता से मांगी मन्नतें

जींद। नवरात्र के पांचवें दिन वीरवार को श्रद्धालुओं ने मां स्कंदमाता की पूजा अर्चना की। शहर के प्रसिद्ध मंदिर जयंती देवी मंदिर, भूतेश्वर मंदिर, सोमनाथ मंदिर, राधा कृष्ण मंदिर, रघुनाथ मंदिर में सुबह से ही भक्त माथा टेकने के लिए पहुंचना शुरू हो गए। जयंती देवी मंदिर के पुजारी नवीन शास्त्री ने बताया कि देवी मां का पांचवा स्वरूप स्कंदमाता का है। स्कंदमाता को ही महेश्वरी, गौरी और पार्वती भी कह कर पुकारा जाता है। भागवान सकंद जी बालरूप में इन्हीं की गोद में विराजते हैं। इसलिए इनका नाम स्कंदमाता पड़ा। उन्होंने कहा कि सौभाग्य की देवी स्कंदमाता असुरों का दमन करने वाली और परम वैभवशाली है। सूर्य मंडी की अधिष्ठात्री देवी होने के कारण इनका उपासक अलौकिक तेज और कांति से संपन्न हो जाता है। नवरात्र में मां भगवती अपने भक्तों मनोकामना अवश्य पूरी करती है।



जींद। माता वैष्णवी धाम में पूजा करते श्रद्धालु। फोटो :हरिभूमि



जींद। सफाई कर्मियों से बातचीत करते आयोग अध्यक्ष व उपाध्यक्ष।

स्वास्थ्य के प्रति जागरूक रहने का दिया संदेश

जींद। सेवा संकल्प अभियान के तहत सफाई कर्मचारियों के स्वास्थ्य की देखभाल एवं उन्हें बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध करवाने के उद्देश्य से डीआरडीए के सभागार में तीन दिवसीय स्वास्थ्य जांच शिविर आयोजित किया जा रहा है। शिविर के दूसरे दिन हरियाणा सफाई कर्मचारी आयोग के अध्यक्ष ईश्वर सिंह पलाका एवं उपाध्यक्ष डा. भारत भूषण टांक ने शिरकत की और स्वास्थ्य जांच शिविर की व्यवस्थाओं का जायजा लेते सफाई कर्मचारियों को स्वास्थ्य के प्रति जागरूक रहने का संदेश दिया और उनकी शिकायतें एवं सुझाव लिए गए। इस अवसर पर नगर आयुक्त अनिल दून, ईओ सुशील भुक्कल, पीओ शकूर खान,, सुभाष तथा रितू के अलावा स्वास्थ्य विभाग तथा सफाई कर्मचारी मौजूद रहे। हरियाणा सफाई कर्मचारी आयोग के अध्यक्ष ईश्वर सिंह पलाका ने कहा कि सफाई कर्मचारी समाज को स्वच्छ एवं स्वस्थ रखने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं।

एसआईआर में कार्य पूर्ण करने वाले सम्मानित

जींद। जुलाना के एसडीएम एवं निर्वाचन पंजीयन अधिकारी होशियार सिंह ने विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) के तहत शत-प्रतिशत कार्य सफलतापूर्वक पूर्ण करने वाले एईआरओए सुपरवाइजरों और बूथ लेवल अधिकारियों (बीएलओ) को सम्मानित किया। अधिकारियों एवं कर्मचारियों की कार्य के प्रति निष्ठाए जिम्मेदारी और समर्पण की सराहना करते कहा कि निर्वाचन प्रक्रिया में प्रत्येक अधिकारी एवं कर्मचारी की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण होती है। समयबद्ध एवं गुणवत्तापूर्ण कार्य से ही मतदाता सूची को अधिक सटीक और त्रुटिरहित बनाया जा सकता है। एसडीएम होशियार सिंह ने कहा कि एसआईआर निर्वाचन प्रक्रिया का एक महत्वपूर्ण हिस्सा है। जुलाना क्षेत्र में शत-प्रतिशत कार्य पूरा करने वाले एईआरओ, सुपरवाइजरों और बीएलओ ने जिम्मेदारियों का बेहतर ढंग से निर्वहन करते सराहनीय कार्य किया है।



एसआईआर में बेहतरीन कार्य करने वाले कर्मियों को सम्मानित करते एसडीएम।



जींद। मांगों को लेकर प्रदर्शन करते आंगनवाड़ी वर्कर्स। फोटो :हरिभूमि

आंगनवाड़ी वर्कर्स ने मांगों को लेकर प्रदर्शन किया

जींद। आंगनवाड़ी वर्कर एंड हैल्पर यनियन हरियाणा के आह्वान पर वीरवार को आंगनवाड़ी वर्कर एंड हैल्परों ने मांगों को लेकर प्रदर्शन किया और डीपीओ अधिकारी के खिलाफ जमकर नारेबाजी की। प्रदर्शन व धरने का संचालन दयावंती ने किया एवं अध्यक्षता खुजानी देवी ने की। प्रदर्शन से पहले आंगनवाड़ी वर्कर्रों एवं हैल्परों को संबोधित करते दयावंती ने कहा कि आंगनवाड़ी वर्कर्रों एवं हैल्परा का आरोप है कि डीपीओ आंगनवाड़ी कर्मियों के साथ अच्छा व्यवहार नही करती हैं और ना ही आंगनवाड़ी वर्करों की सुनवाई करती हैं। डीपीओ सेंटरों का खर्च और किराया बहुत दिनों से बकाया है। लगभग सालभर से ऊपर हो चुका है, बिजली का बिल वर्कर खुद अपनी जेबों से वहन कर रही हैं, ड्रेस का पैसा नहीं दिया गया है। जबकि सभी जिलों में ड्रेस के रुपये मिल चुके हैं।



विजेता विद्यार्थियों को सम्मानित करते प्राचार्या सिल्की चोपड़ा और कोच।

वेदा इंटरनेशनल स्कूल के चार छात्रों ने जीता गोल्ड

नरवाना। खेल के मैदान से लेकर बौद्धिक पटल तक, वेदा इंटरनेशनल स्कूल के होनहारों ने एक बार फिर साबित कर दिया है कि मेहनत और सही मार्गदर्शन से हर मुकाम हासिल किया जा सकता है। हाल ही में आयोजित जिला स्तरीय खेल प्रतियोगिता में स्कूल के चार प्रतिभावान खिलाड़ियों ने अपने-अपने खेल में सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करते हुए प्रथम स्थान हासिल किया है। इस ऐतिहासिक जीत के साथ ही इन चारों खिलाड़ियों ने राज्य स्तरीय खेल के लिए अपना स्थान बना लिया है। प्राचार्या सिल्की चोपड़ा ने बताया कि चेस अन्डर 11 लड़कों के वर्ग मे वियान और अद्वितीय ने व अन्डर 11 गल्र्स के वर्ग मे परमीत ने प्रतिभा का परिचय देते हुए प्रथम स्थान प्राप्त किया और कैरम अन्डर 11 के वर्ग मे यशविन ने गोटियाँ चली कि बड़े - बड़े विरोधी भी पस्त हो गए। प्रबंधन ने इस मौके पर हर्ष व्यक्त करते हुए कहा, यह जीत हमारे छात्रों के कड़े अभ्यास, अनुशासन और कोच की उत्कृष्ट रणनीति का परिणाम है। हमें अपने इन नन्हे चैंपियंस पर गर्व है।

एसडीएम ने किया मंडी का निरीक्षण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| उचाना

एसडीएम सुमन यादव (आईएएस) ने गुरूवार को उचाना की पुरानी अनाज मंडी का दौरा कर पानी निकासी, खरीद व्यवस्था और सफाई का जायजा लिया। इस दौरान उन्होंने किसान सेवा केंद्र में चल रही अटल कैंटीन का निरीक्षण किया और वहां मिलने वाले खाने की गुणवत्ता की जांच की। एसडीएम ने कैंटीन में खाना खाने आए लोगों से भी बातचीत कर भोजन की गुणवत्ता के बारे में जानकारी ली। निरीक्षण के दौरान एसडीएम ने धान की 1509 किस्म और बाजरे की निजी बोली के संबंध में भी जानकारी प्राप्त की। उन्होंने मंडी में किसानों, आढ़तियों और मजदूरों को मिलने वाली सुविधाओं तथा खरीद प्रक्रिया से जुड़े प्रबंधों का जायजा लिया। एसडीएम ने कपास मंडी में पानी निकासी के लिए बनाई गई ड्रेन की सफाई करवाने के निर्देश मार्केट कमेटी सचिव को दिए। उन्होंने कहा कि मंडी में पानी निकासी और सफाई व्यवस्था दुरुस्त रहनी चाहिए, ताकि किसानों, आढ़तियों और मजदूरों को किसी प्रकार की परेशानी का सामना न करना पड़े। सुमन यादव ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि मंडी में सभी आवश्यक प्रबंध पुख्ता रखें और किसानों की समस्याओं का प्राथमिकता के आधार पर समाधान करें।



उचाना। कपास मंडी में निरीक्षण करती एसडीएम सुमन यादव (आईएएस)।



कृषि मंत्री धरने पर बैठे संयुक्त किसान मोर्चे के सदस्यो से बातचीत करते।

संयुक्त किसान मोर्चे ने कृषि मंत्री को सौंपा मांगपत्र

नरवाना। नरवाना की अनाज मंडी में संयुक्त किसान मोर्चे का धरना वीरवार को 11 वें दिन भी मास्टर बलबीर सिंह राज्य अध्यक्ष अखिल भारतीय किसान सभा हरियाणा के नेतृत्व में जारी रहा जिस की अध्यक्षता गमदूर गुरुथली ने की और मंच संचाल निहाल सिंह ने किया । आज कृषि मंत्री हरियाणा सरकार श्याम सिंह राणा किसानों के धरने पर पहुंचे, संयुक्त किसान मोर्चे के साथियों ने मास्टर बलबीर सिंह राज्य अध्यक्ष अखिल भारतीय किसान सभा के नेतृत्व में किसानों की मांगों का एक ज्ञापन कृषि मंत्री को सौंपा। मंत्री ने एक एक मांग पर सरकर की नीतियों को स्पष्ट किया परन्तु धरने के साथियों मास्टर बलबीर सिंह , बलजीत सिंह ,गुरुदेव, चांद बहादुर आदि ने किसानों की समस्याओं के बारे में सवाल जवाब किए और किसानों की वर्तमान ज्वलंत समस्याओं से मंत्री को अवगत करवाया और उन के समाधान के लिए अपने सुझाव भी दिए। आज के कार्यक्रम में सतबीर चोपड़ा सतबीर फ्रौजी, सतबीर खरक, सत्ता शमशेर आदि मौजूद रहे।

32 किलोग्राम भार वर्ग में प्रथम स्थान हासिल किया

वंशिका ने कुश्ती में जीता जिला स्तरीय स्वर्णिम स्थान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

प्रतिभा किसी परिचय की मोहताज नहीं होती। जरूरत होती है उसे पहचाननेए निखारने और सही दिशा देने की। इसी का उदाहरण राजकीय मॉडल संस्कृति प्राथमिक विद्यालय डिफेंस स्कूल की छात्रा वंशिका ने पेश किया है। वंशिका ने जिला स्तरीय खेलकूद प्रतियोगिता में कुश्ती के 32 किलोग्राम भार वर्ग में प्रथम स्थान प्राप्त कर विद्यालय और क्षेत्र का नाम रोशन किया। छात्रा की इस उपलब्धि पर विद्यालय में खुशी का माहौल है। शिक्षकों ने इसे बच्चों की प्रतिभाए मेहनत और उचित मार्गदर्शन का परिणाम बताया। निपुण मिशन के जिला समन्वयक एफएलएन राजेश वशिष्ठ ने विद्यालय पहुंच कर प्रतिभाशाली छात्रा वंशिका को पुरस्कृत किया और उसकी उपलब्धि की सराहना करते हुए उज्ज्वल भविष्य की कामना की। उन्होंने कहा कि छोटी उम्र में खेल के क्षेत्र में इस तरह की उपलब्धि हासिल करना छात्रा की मेहनतए लगन और आत्मविश्वास को दर्शाता है। ऐसी सफलताएं दूसरे बच्चों को भी आगे बढऩे और अपनी प्रतिभा दिखाने के लिए प्रेरित करती हैं। राजेश वशिष्ठ ने कहा कि बच्चों में प्रतिभा की कोई कमी नहीं होती। प्रत्येक बच्चे में कुछ विशेष करने की क्षमता होती है। आवश्यकता इस बात की है कि शिक्षक और अभिभावक उस प्रतिभा को पहचानें और उसे निखारने के लिए उचित अवसर उपलब्ध करवाएं। जब बच्चों को प्रोत्साहन, मार्गदर्शन और अपनी क्षमता साबित करने का अवसर मिलता हैए तो वे सफलता की नई ऊंचाइयों को छू सकते हैं। उन्होंने कहा कि शिक्षक को गुरु का दर्जा इसलिए दिया गया है।



विद्यार्थियों के लिए प्रेरणास्रोत

जब शिक्षक अपने विद्यार्थियों की सफलता को अपना लक्ष्य बनाकर काम करते हैंए तो उसके सकारात्मक परिणाम सामने आते हैं। विद्यालय के शिक्षकों ने बच्चों को पढ़ाई के साथ-साथ खेलकूद और अन्य गतिविधियों में आगे बढ़ाने के लिए महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। कुश्ती जैसे खेल बच्चों को शारीरिक रूप से मजबूत बनाने के साथ-साथ मानसिक दृढ़ता भी प्रदान करते हैं। वंशिका की उपलब्धि पर मुख्य शिक्षक मोहनलाल, प्राचार्य नरेंद्र खटकड़, कक्षा अध्यापक रमेश कुमार तथा अध्यापक कुलदीप, सत्यनारायण, कृष्ण और संजीव ने छात्रा को बधाई दी। शिक्षकों ने कहा कि वंशिका की सफलता विद्यालय के अन्य विद्यार्थियों के लिए प्रेरणास्रोत है। उसकी उपलब्धि से दूसरे बच्चों को भी खेलों में भाग लेने, नियमित अभ्यास करने और अपने लक्ष्य के प्रति समर्पित रहने की प्रेरणा मिलेगी।



उचाना। ओम इंटरनेशनल स्कूल दरोली में आयोजित योग शिविर।

ओम इंटरनेशनल स्कूल में योग जीवन निर्माता शिविर

उचाना। दरोली खेड़ा स्थित ओम इंटरनेशनल पब्लिक स्कूल में आर्य प्रतिनिधि सभा हरियाणा के वेद प्रचार विभाग एवं गुरुकुल कुरुक्षेत्र के तत्वावधान में योग जीवन निर्माता शिविर का आयोजन किया जा रहा है। शिविर के माध्यम से विद्यार्थियों को योग के प्रति जागरूक करने के साथ-साथ उन्हें शारीरिक, मानसिक एवं बौद्धिक रूप से स्वस्थ और सशक्त बनाने का प्रयास किया जा रहा है। शिविर में मुख्य शिक्षक सूर्यदेव आर्य, सहायक शिक्षक सत्यवान फौजी ने विद्यार्थियों को विभिन्न योगासनों एवं प्राणायाम का नियमित अभ्यास करवा रहे हैं। प्रशिक्षण के दौरान विद्यार्थियों को सूर्य नमस्कार, ताड़ासन, चक्रासन सहित विभिन्न योगासन सिखाए जा रहे हैं। इसके साथ ही एकाग्रता बढ़ाने, मन को शांत रखने और मानसिक क्षमता को मजबूत बनाने के लिए प्राणायाम का अभ्यास भी करवाया जा रहा है। योग शिक्षकों द्वारा छात्रों को योग के महत्व के बारे में जानकारी देते अपनी दिनचर्या में शामिल करने के लिए प्रेरित किया जा रहा है।

खबर संक्षेप

एटीएफ ने असला सप्लायर आरोपी पकड़ा

कैथल। एंटी व्हीकल थेफ्ट स्टाफ असला अमुनेशन सप्लाई करने वाले आरोपी को भी काबू किया। पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि 28 अगस्त को एंटी व्हीकल थैफ्ट स्टाफ के एएसआई राममेहर की टीम द्वारा एक गुप्त सूचना पर कार्रवाई करते हुए सेक्टर 18 कैथल स्थित पार्क से आरोपी सुभाष नगर कैथल निवासी मनोज कुमार को काबू किया गया था। जिसके कब्जे से 315 बोर का अवैध देशी कट्टा बरामद हुआ था। दोनो आरोपी न्यायालय के आदेशानुसार न्यायिक हिरासत में भेज दिए गए।

अविश्वास प्रस्ताव पर बैठक 23 को : एडीसी

कैथल। एडीसी डॉ. सुशील कुमार ने बताया कि पंचायत समिति गुहला के 17 सदस्यों ने पंचायत समिति, गुहला के चेयरमैन के खिलाफ अविश्वास प्रस्ताव पर विचार करने के लिए बैठक बुलाने का अनुरोध किया है। हरियाणा पंचायती राज नियम, 1995 की धारा 123 के तहत अविश्वास प्रस्ताव पर विचार करने के लिए 23 अक्टूबर को बीडीपीओ कार्यालय गुहला के हाल में 11:45 बजे बैठक का आयोजन किया जाएगा। इस बैठक में भाग लेने के लिए सभी पंचायत समिति सदस्यों व संबंधित अधिकारियों को सूचित किया गया है।

1 किलो 110 ग्राम चरस सहित आरोपी काबू

कैथल। एन्टी एक्सटोर्शन सेल द्वारा कलायत क्षेत्र से एक आरोपी को 1 किलो 110 ग्राम चरस (सुल्फा) सहित काबू किया गया है। पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि एन्टी एक्सटोर्शन सेल प्रभारी एएसआई तरसेम की अगुवाई में एसआई जसबीर सिंह की टीम अपराधों की रोकथाम के लिए गश्त कर रहे थी। इसी दौरान टीम को गांव मटौर के बस अड्डे के पास गुप्त सूचना मिली कि जिला जींद के गांव अलेवा का राजेश मोटरसाइकिल पर चरस बेचने का काम करता है और वह चरस बेचने के लिए गांव बड़सीकरी से गांव मटौर की तरफ आने वाला है।

अवैध तबादलों पर बिजली कर्मियों का धरना जारी

पूंडरी। एचएसईबी वर्कर यूनियन हेड ऑफिस भिवानी रजिस्ट्रेशन नंबर 292 की सभी सब यूनिटों का प्रर्दशन यूनिट पूण्डरी के आह्वान पर डिविजन प्रागंण पूण्डरी में सुनील जेई व नरेश जेई के नाजायज तबादला करने के विरोध में 28वें दिन हुआ जिसकी अध्यक्षता विजय कुमार प्रैस सचिव यूनिट पूण्डरी एवं मंच का संचालन प्रवीण बतान, प्रधान सब यूनिट ने किया। इस प्रर्दशन का उदेश्य विधायक जांबा के द्वारा विभाग के नियमों के खिलाफ गलत कामों का नाजायज दबाब बनाकर काम करने का तरीका अपनाता है।

शिविर में एसडीएम ने सुनीं जन समस्याएं

कैथल। लघु सचिवालय में आयोजित समाधान शिविर में एसडीएम संजय कुमार ने आमजन की समस्याएं सुनीं और संबंधित अधिकारियों को शिकायतों का समाधान करने के निर्देश दिए। शिविर में बिजली की तारों को गांव चंदाना निवासी राजेश कुमार ने शिकायत की कि उनके घर के नजदीक बिजली की तारों का दुरूस्त किया जाना है, वहीं दीवार से सटे खंभों व ट्रांसफार्मर को हटवाने बारे, रोहेड़ा निवासी अजमेर सिंह ने बिजली का कनेक्शन लेने के लिए, कैथल निवासी संजीव कुमार ने नई प्रॉपर्टी आईडी बनवाने बारे शिकायत दी।

'बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ' पर जागरूकता कार्यक्रम

राजौंद। गांव खेड़ी राओ वाली स्थित आंगनवाड़ी केंद्र में स्वास्थ्य विभाग की ओर से 'बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ' अभियान के तहत जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम एसएमओ डॉ. संदीप के मार्गदर्शन में हुआ। इसमें राजौंद ब्लॉक स्वयंसेविका गुरप्रीत कौर ने भाग लिया। एमपीएचडब्ल्यू राकेश कुमार ने कहा कि बेटियों को शिक्षा और समान अवसर देना समाज की जिम्मेदारी है। सीएचओ डॉ. फरमान अली ने कन्या भ्रूण हत्या के खिलाफ जागरूक किया और बेटियों को सुरक्षित वातावरण देने की अपील की।

राजकीय विद्यालय में हुई जैविक आपातकाल संबंधी मॉक ड्रिल

जागरूकता के लिए समय-समय पर मॉक ड्रिल होना जरूरी : पांचाल

जैविक आपातकाल में 14 पीड़ित मरीजों को चैकअप कर भेजा मरटाईन क्षेत्र

हरिभूमि न्यूज ⏭कैथल



कैथल। सहायक आयुक्त (अंडर ट्रेनिंग) शिवानी पांचाल एनडीआरएफ की मौक ड्रिल का निरीक्षण करते हुए।

एनडीएआरएफ व जिला प्रशासन द्वारा संयुक्त रूप से कमेटी चौक स्थित राजकीय ब्वायज वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय में जैविक आपातकाल मॉक ड्रिल आयोजित की गई। कोरोना जैसी आपातकाल स्थिति से निपटने के लिए पीड़ित मरीजो को रेस्क्यू किया गया और उन्हें सुरक्षित स्थान पर पहुंचाया गया। ड्रिल के दौरान विभिन्न विभागों के आपसी समन्वय को परखा गया। इस मॉक ड्रिल में सहायक आयुक्त (अंडर ट्रेनिंग) शिवानी पांचाल, सहायक कमांडेंट देवेंद्र सिंह, डीएसपी रमेश चंद्र, डीआरओ चंद्र मोहन, डिप्टी डीईओ राजेंद्र आजाद, इंस्पेक्टर यशबीर सिंह के अलावा विभागों के अधिकारी व कर्मचारी शामिल रहे। जैसे ही जैविक आपातकाल की सूचना मिली तुरंत ही एनडीआरएफ की टीम के साथ-साथ जिला प्रशासन से आपदा प्रबंधन विभाग, रेडक्रॉस, पुलिस विभाग की टीमें अलर्ट मोड पर दिखाई दी। उन्होंने आपसी तालमेल से जैविक आपदा से पीड़ित मरीजों को रेस्क्यू किया और उन्हें मेडिकल पोस्ट में ले जाकर हेल्थ चैकअप किया और उसके बाद 14 मरीजों को मरटाईन क्षेत्र में भेजा गया। आठ मरीजों को आइसोलेशन तथा 2 मरीज गंभीर स्थिति में मिले, जिन्हें अस्पताल भेजा गया। जैसे ही मरीजों को बाहर लाया गया, तुरंत स्वास्थ्य विभाग की एंबुलेंस गाड़ी मौके पर पहुंची और उन्हें मरीजों को अस्पताल भेजा गया। इसके साथ-साथ मॉक ड्रिल में ईआरबी 112, दुर्गा शक्ति, यातायात पुलिस, राईडरों ने भी मोर्चा संभाला और आपात की स्थिति पूरी मदद की। एनडीआरएफ की टीम द्वारा कम्यूनिकेशन पोस्ट, एनडीआरएफ टीम, एनडीआरएफ स्टोर, मेडिकल पोस्ट, कमांड पोस्ट स्थापित की, जिसके माध्यम से उन्होंने जैविक आपात स्थिति से निपटने के लिए कार्य किया गया। इसमें लगभग 30 सदस्य थे। जिन्होंने क्षेत्र की मार्किंग की गई और टीम के संयुक्त तत्वावधान में कार्य करते हुए मरीजों को सुरक्षित स्थान पर पहुंचाया।

आपदा के समय तालमेल जरूरी

सहायक आयुक्त (अंडर ट्रेनिंग) शिवानी पांचाल ने कहा कि डीसी अपराजिता के मार्गदर्शन में जैविक आपातकाल मॉक ड्रिल का आयोजन हुआ। इस तरह की मॉक ड्रिल समय-समय पर होनी चाहिए, ताकि नागरिकों को जानकारी मिल सके कि यदि कोई आपदा आती है तो उसे कैसे निपटा जा सके। जिस तरह से एनडीआरएफ, पुलिस और रेडक्रॉस की टीम का तालमेल दिखाई दिया, ऐसा होना आवश्यक है। आपदा के दौरान सबका एक ही लक्ष्य रहता है कि नागरिकों की जान को कैसे बचाया जाए। सहायक कमांडेंट देवेंद्र सिंह ने कहा कि एनडीआरएफ की टीम आपदा के समय मुस्तैदी से कार्य करती है, लेकिन अभी यह मॉक ड्रिल की गई है, ताकि प्रशासनिक अधिकारियों, कर्मचारियों और नागरिकों को जागरूक किया जाए।

भागवत कथा में वामन अवतार का वर्णन

- समुद्र मंथन और भक्त प्रहलाद चरित्र का हुआ वर्णन

हरिभूमि न्यूज ⏭राजौंद



राजौंद। भागवत कथा में बैठे महिला श्रद्धालु व आचार्य जितेन्द्र शास्त्री जी।

गांव बीर बागड़ा शिव मंदिर में चल रही श्रीमद्भागवत महापुराण कथा के चौथे दिन श्रद्धालुओं ने कथा का श्रवण कर भक्ति का लाभ उठाया। कथा व्यास आचार्य जितेन्द्र शास्त्री ने श्रद्धालुओं को भगवान विष्णु के वामन अवतार, समुद्र मंथन, भक्त प्रहलाद के चरित्र तथा भगवान श्रीकृष्ण के जन्मोत्सव से जुड़े विभिन्न प्रसंगों का वर्णन किया। आचार्य ने बताया कि जब राजा बलि ने अपने पराक्रम और दानशीलता के कारण तीनों लोकों पर अधिकार स्थापित कर लिया था, तब भगवान विष्णु ने वामन रूप धारण कर उनके समक्ष पहुंचकर तीन पग भूमि का दान मांगा। भगवान ने अपने विराट स्वरूप से दो पग में ही पृथ्वी और आकाश को नाप लिया।

प्रहलाद बचपन से थे भगवान विष्णु के परम भक्त

आचार्य जितेन्द्र शास्त्री जी ने बताया कि भक्त प्रहलाद बचपन से ही भगवान विष्णु के परम भक्त थे। उनके पिता हिरण्यकश्यप भगवान की भक्ति के विरोधी थे और उन्होंने प्रहलाद को अनेक प्रकार की यातनाएं दीं, लेकिन प्रहलाद की भक्ति और विश्वास कभी नहीं डगमगाया। अंततः भगवान विष्णु ने नरसिंह अवतार लेकर हिरण्यकश्यप का वध किया।

स्क्वैश में राज्य स्तर पर छाए ओएसडीएवी के छात्र

हरिभूमि न्यूज ⏭कैथल



खेल प्रदर्शन के दम पर राष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगिता के लिए स्थान सुनिश्चित किया। प्रधानाचार्या अंजु तलवाड़ ने कहा कि खेल में सफलता केवल निरंतर अभ्यास और सामूहिक सहयोग का प्रतिफल होती है।

राज्य स्तरीय स्क्वैश प्रतियोगिता में ओ.एस.डी.ए.वी. पब्लिक स्कूल, कैथल के खिलाड़ियों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन कर विद्यालय का गौरव बढ़ाया। प्रतियोगिता में प्रदेश के सभी जिलों की टीमों ने भाग लिया। ओ एस डीएवी पब्लिक स्कूल के खिलाड़ियों ने अंडर-लड़कों ने तृतीय, अंडर-लड़कों ने द्वितीय तथा अंडर- और अंडर-लड़कियों ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। इस प्रतियोगिता में यज्ञ, प्रतीक, सूर्यांश, निष्ठा और नेहा ने अपने शानदार

दुर्गा मंदिर में मां स्कंदमाता की पूजा, गूंजे जयकारे

राजौंद। नवरात्र के पांचवें दिन दुर्गा मंदिर में मां स्कंदमाता के स्वरूप की पूजा-अर्चना की गई। इस अवसर पर मंदिर परिसर में श्रद्धालुओं की चहल-पहल बनी रही। श्रद्धालुओं ने मां भगवती के दर्शन कर सुख-समृद्धि और परिवार की खुशहाली की कामना की। मंदिर में महिला संकीर्तन मंडली द्वारा भजन-कीर्तन का आयोजन किया गया। महिलाओं ने मां भगवती की महिमा का गुणगान करते हुए भजनों की प्रस्तुति दी, जिससे पूरा मंदिर परिसर भक्तिमय हो गया। श्रद्धालु भजनों पर भाव-विभोर होकर मां के जयकारे लगाते नजर आए। राजौंद के विभिन्न मंदिरों में भी सुबह-शाम श्रद्धालुओं की संख्या लगातार बढ़ रही है।

इंटर-स्टेट बैडमिंटन में एनआइआइएलएम प्रथम

- आठ राज्यों के खिलाड़ियों के बीच शानदार प्रदर्शन कर जीता स्वर्ण पदक

हरिभूमि न्यूज ⏭कैथल



प्रतियोगिता में अव्वल रहे खिलाड़ी।

राजस्थान के भीलवाड़ा में आयोजित योनेक्स सीनियर नॉर्थ ज़ोन इंटर-स्टेट बैडमिंटन चैंपियनशिप-2026 में एनआइआइएलएम विश्वविद्यालय, के बैडमिंटन खिलाड़ियों की युगल जोड़ी ने शानदार प्रदर्शन करते हुए प्रथम स्थान प्राप्त किया और स्वर्ण पदक अपने नाम किया। आठ राज्यों के खिलाड़ियों की भागीदारी वाली इस प्रतिष्ठित प्रतियोगिता में विश्वविद्यालय की जोड़ी ने उत्कृष्ट खेल कौशल का परिचय देते हुए विश्वविद्यालय का नाम रोशन किया। गत सप्ताह आयोजित इस प्रतियोगिता में खिलाड़ियों ने अपने बेहतरीन प्रदर्शन से सभी का ध्यान आकर्षित किया। इस शानदार उपलब्धि से एनआइआइएलएम विश्वविद्यालय परिवार में खुशी और गर्व का माहौल है।

सड़क सुरक्षा पर छात्रों को दी जानकारी

- सिसला सिस्मोर की टीमों ने दो स्तरों पर लहराया परचम

हरिभूमि न्यूज ⏭कैथल

पीएम श्री राजकीय कन्या वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय, जाखौली अड्डा, कैथल में खंड स्तरीय सड़क सुरक्षा प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता-2026 का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में खंड कैथल के सभी 13 क्लस्टरों के विभिन्न स्तरों पर प्रथम स्थान प्राप्त करने वाली टीमों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। हिंदी प्राध्यापक डॉ. विजय चावला ने बताया कि प्रतियोगिता का उद्देश्य विद्यार्थियों को सड़क सुरक्षा नियमों, यातायात संकेतों के प्रति जागरूक करना है। इसके पश्चात विद्यार्थियों से सड़क सुरक्षा, यातायात नियमों, सड़क संकेतों तथा सुरक्षित आवागमन से संबंधित प्रश्न पूछे गए। विद्यार्थियों ने विषय की अच्छी समझ का परिचय दिया।



कैथल। रोड सेफ्टी प्रतियोगिता में भाग लेते प्रतिभागी। *फोटो: हरिभूमि*

लेवल 1 में सहज कौर की टीम प्रथम

लेवल-1 (कक्षा 3 से 5): फोटोन इंटरनेशनल स्कूल की सहज कौर संधू, दक्ष एवं परम चहल की टीम ने प्रथम स्थान प्राप्त कर विद्यालय का गौरव बढ़ाया। लेवल-2 (कक्षा 6 से 8): राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय, सिसला सिस्मोर की महक, जानवी एवं नैंसी की टीम ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। लेवल-3 (कक्षा 9 से 12): राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय, सिसला सिस्मोर की महक, आँचल देवी एवं तमन्ना की टीम ने प्रथम स्थान प्राप्त कर अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया।

न्यूज डायरी

महाराजा अग्रसेन जयंती महोत्सव को लेकर अग्रवाल युवा सभा ने तेज की तैयारियां

कैथल। कैथल के भाई उदय सिंह किले पर कल मनाई जाने वाली महाराजा अग्रसेन जयंती को लेकर अग्रवाल युवा सभा कैथल ने तैयारियां तेज कर दी हैं। महोत्सव को भव्य् बनाने के उद्देश्य से सभा के प्रधान अशोक गोयल अपनी टीम के साथ लगातार जनसंपर्क अभियान चला रहे हैं। इसी कड़ी में गुरुवार को उन्होंने शहर के प्रमुख बाजारों में पहुंचकर अग्रवाल समाज के दुकानदारों को निमंत्रण कार्ड वितरित किए और उन्हें परिवार सहित कार्यक्रम में शामिल होने का निमंत्रण दिया। अशोक गोयल ने कमेटी चौक से जनसंपर्क अभियान की शुरुआत करते हुए मेन बाजार, सर्राफा बाजार, तलाई बाजार, रेलवे रोड, नरवानियां बिल्डिंग, शहीद भगत सिंह चौक मार्केट, जनता मार्केट, गुगा माड़ी मार्केट और कबूतर चौक मार्केट सहित विभिन्न बाजारों में अग्रवाल समाज के दुकानदारों से मुलाकात की। इस दौरान उन्होंने व्यापारियों को महाराजा अग्रसेन जयंती महोत्सव की जानकारी दी।

जिला कोर्ट परिसर कैथल में आमजन को साइबर अपराधों से बचाव पर किया जागरूक

कैथल। थाना साइबर क्राइम एसएचओ इंस्पेक्टर साहिल की अगुवाई में पुलिस टीम द्वारा कोर्ट परिसर कैथल में जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस दौरान आमजन को साइबर अपराधों के बढ़ते खतरों, उनके आधुनिक तरीकों और उनसे बचाव के उपायों के बारे में विस्तृत जानकारी देकर जागरूक किया गया पुलिस टीम द्वारा जानकारी दी गई कि डिजिटल युग में सुविधा के साथ-साथ खतरे भी उतनी ही तेजी से बढ़ रहे हैं। साइबर ठग फर्जी लिंक, लुभावने ऑफर, ओटीपी शेयरिंग, बैंक कॉल, स्क्रीन शेयरिंग ऐप, सोशल मीडिया हैकिंग, फेक जॉब ऑफर व ऑनलाइन गेमिंग के माध्यम से लोगों को निशाना बना रहे हैं। इसलिए सतर्कता ही सबसे बड़ा बचाव है। आमजन को अनजान लिंक पर क्लिक न करने, किसी भी व्यक्ति के साथ बैंक संबंधी गोपनीय जानकारी या ओटीपी साझा न करने, मजबूत पासवर्ड व टू-फैक्टर ऑथेंटिकेशन का उपयोग करने की सलाह दी।

बेटियों की सुरक्षा, शिक्षा एवं सशक्तिकरण के लिए हरियाणा सरकार प्रतिबद्धः मीना परमार

कैथल। हरियाणा महिला आयोग की उपाध्यक्ष मीना परमार ने कहा कि मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के नेतृत्व में हरियाणा सरकार महिलाओं एवं बेटियों की सुरक्षा, शिक्षा और सशक्तिकरण के लिए निरंतर सराहनीय कार्य कर रही है। प्रदेश में महिलाओं की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए 33 महिला थाने स्थापित किए गए हैं। इसके साथ ही, बेटियों को उच्च शिक्षा के बेहतर अवसर उपलब्ध करवाने के उद्देश्य से हर 20 किलोमीटर के दायरे में महिला कॉलेज स्थापित किए गए हैं। महिलाओं को आत्मनिर्भर एवं सशक्त बनाने के लिए लाडो लक्ष्मी योजना सहित अनेक योजनाएं क्रियान्वित की जा रही हैं।उपाध्यक्ष मीना परमार वीरवार को आईजी कॉलेज में आयोजित वीरांगना युवती सम्मेलन में बतौर मुख्य अतिथि संबोधित कर रही थीं। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी बेटियों की सुरक्षा, शिक्षा और उज्ज्वल भविष्य को लेकर संवेदनशील हैं।

विकास परियोजनाओं को निर्धारित समय सीमा में पूरा करें अधिकारी : डॉ. साकेत कुमार

कैथल। जिले में चल रही विकास परियोजनाओं को गति देते हुए निर्धारित समय सीमा में पूरा करना सुनिश्चित करें। निर्माण कार्यों में आने वाली तकनीकी समस्याओं का संबंधित विभागों के साथ समन्वय स्थापित कर शीघ्र समाधान किया जाए। ये निर्देश प्रशासनिक सचिव डॉ. साकेत कुमार ने लघु सचिवालय के सभागार में आयोजित समीक्षा बैठक के दौरान अधिकारियों को दिए। बैठक में डीसी अपराजिता सहित अन्य अधिकारी मौजूद रहे। बैठक में डॉ. साकेत कुमार ने 25 करोड़ रुपये से अधिक लागत वाली तथा अन्य प्रमुख विकास परियोजनाओं की स्थिति का समीक्षा की। इनमें राजौंद में राजकीय कॉलेज, कैथल शहर में निर्माणाधीन सिटी स्वायर, संस्कृत विश्वविद्यालय भवन, मेडिकल कॉलेज सहित विभिन्न परियोजनाएं शामिल रहीं। उन्होंने कहा कि एनडीपीएस अधिनियम के तहत दर्ज मामलों में नियमानुसार त्वरित और सख्त कार्रवाई सुनिश्चित की जाए। इसके साथ ही उन्होंने सेवा के अधिकार अधिनियम के तहत नागरिकों को मिलने वाली सेवाओं की भी समीक्षा की। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि सरकारी सेवाओं का लाभ आमजन तक समयबद्ध तरीके से पहुंचाया जाए।

धान खरीद व उठान में तेजी लाएं

- प्रशासनिक सचिव ने किया विस्तार मंडी का दौरा
- खरीद प्रक्रिया का लिया जायजा, किसानों और आढ़तियों की सुनी समस्याएं
- समय पर भुगतान तथा पारदर्शिता सुनिश्चित करने के दिए निर्देश

हरिभूमि न्यूज ⏭कैथल



कैथल। प्रशासनिक सचिव डॉ. साकेत कुमार अनाज मंडी का दौरा करते हुए।

जिला कैथल के प्रशासनिक सचिव डॉ. साकेत कुमार ने डीसी अपराजिता के साथ वीरवार को कैथल की विस्तार मंडी का दौरा कर धान खरीद प्रक्रिया का जायजा लिया। इस दौरान उन्होंने किसानों और आढ़तियों से बातचीत कर उनकी समस्याएं सुनीं तथा संबंधित अधिकारियों को समस्याओं का प्राथमिकता के आधार पर समाधान करने के निर्देश दिए।

मुख्य सचिव ने की धान खरीद की समीक्षा

इसके बाद मुख्य सचिव अनुराग रस्तोगी ने वीडियो कांफ्रेंसिंग के माध्यम से प्रदेश के सभी जिला उपायुक्तों के साथ धान खरीद, उठान व भुगतान को लेकर समीक्षा की और आवश्यक दिशा निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि किसानों की सुविधा और उनकी समस्याओं का समाधान सरकार की प्राथमिकता है। इसलिए सभी संबंधित अधिकारी खरीद प्रक्रिया को सुचारू, पारदर्शी और निर्धारित नियमों के अनुरूप संचालित करना सुनिश्चित करें।

कार्यक्रम

सांस्कृतिक प्रतियोगिता छात्रों में करती है सर्वांगिण विकास : गीता कौशिक

लोक नृत्य प्रतियोगिता में जीजीएसएसएस पुंडरी रहा प्रथम

- रोल प्ले व लोक नृत्य में जीजीएसएसएस पाई ने हासिल किया द्वितीय स्थाना

हरिभूमि न्यूज ⏭पूंडरी



पूंडरी। प्रतियोगिता में भाग लेने वाले छात्रों के साथ स्कूल स्टाफ। *फोटो: हरिभूमि*

जिला शिक्षा अधिकारी सह डाइट प्राचार्य प्रमोद कुमार के नेतृत्व में तथा जनसंख्या शिक्षा प्रकोष्ठ एनसीआरटी हरियाणा गुरुग्राम के सौजन्य से राजकीय कन्या विद्यालय पुंडरी में खंड स्तरीय रोल प्ले एवं लोक नृत्य प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। हरियाणा गुरुग्राम के सौजन्य कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में खंड शिक्षा अधिकारी, पूंडरी सुरेंद्र हुड्डा उपस्थित रहे। इस अवसर पर डाइट के डीआरयू इंचार्ज डॉ. राज कुमार तथा खंड शिक्षा अधिकारी कार्यालय से अनिल कुमार उपस्थित रहे। खंड कोऑर्डिनेटर गीता कौशिक ने कहा कि इस प्रकार की प्रतियोगिताए छात्रों के सर्वांगीण विकास को बढ़ावा देती हैं। डॉ. राज कुमार ने भी विद्यार्थियों को शैक्षणिक गतिविधियों के साथ-साथ सांस्कृतिक भागीदारी के लिए प्रेरित किया। निर्णायक की भूमिका जे.बी.टी.अध्यापक विक्की डोलिया जी .पी.एस.डुलयानी एवं सुमित कुमार सी.आइ.एस.के.एम.वी. पूंडरी ने निभाई। प्रतियोगिता में प्रथम स्थान जीजीएसएसएस पूंडरी, द्वितीय स्थान जीजीएसएसएस पाई, तृतीय स्थान जीजीएसएसएस सिरसल नें प्राप्त किया।

मीडिया साक्षरता पर छात्रों को दी जानकारी

रोल प्ले प्रतियोगिता में विद्यार्थियों ने समसामयिक एवं जीवनोपयोगी विषयों पर प्रभावशाली प्रस्तुतियाँ दीं। इनमें स्वस्थ होकर बड़ा होना, पौष्टिक भोजन एवं सुडौल शरीर, शारीरिक, मानसिक, भावनात्मक एवं यौन सुरक्षा, इंटरनेट, गैजेट एवं मीडिया साक्षरता का सुरक्षित उपयोग तथा मादक द्रव्यों के सेवन के कारण एवं बचाव जैसे महत्वपूर्ण विषय शामिल रहे। विद्यार्थियों ने अपनी प्रस्तुतियों के माध्यम से समाज को जागरूकता, स्वस्थ जीवनशैली और सुरक्षित व्यवहार का संदेश दिया। लोक नृत्य प्रतियोगिता के मुख्य विषय लोक नृत्य प्रतियोगिता में लड़कों एवं लड़कियों के लिए समान अवसर, बाल विकास में संयुक्त परिवार की भूमिका, पर्यावरण संरक्षण, मादक द्रव्यों के सेवन की रोकथाम तथा किशोरावस्था के दौरान स्वस्थ संबंध जैसे विषयों को प्रमुखता दी गई। विद्यार्थियों ने लोक नृत्य के माध्यम से सामाजिक संदेशों को सुंदर एवं प्रभावशाली ढंग से प्रस्तुत किया तथा भारतीय संस्कृति और परंपराओं की झलक दिखाई।

भारतीय लोक संस्कृति पर रूचि की विकसित

प्रतियोगिता का मुख्य उद्देश्य विद्यार्थियों में स्वास्थ्य जागरूकता, पोषण, व्यक्तिगत सुरक्षा, डिजिटल साक्षरता, सामाजिक जिम्मेदारी एवं भारतीय लोक संस्कृति के प्रति रुचि विकसित करना था। विभिन्न विद्यालयों से आए विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लेते हुए अपनी प्रतिभा का शानदार प्रदर्शन किया।

आरकेएसडी स्कूल में सीबीएसई राष्ट्रीय बालिका बॉक्सिंग चैंपियनशिप प्रारंभ

कैथल। आरकेएसडी पब्लिक स्कूल में सीबीएसई राष्ट्रीय बालिका बॉक्सिंग चैंपियनशिप का शुभारंभ किया गया। इस राष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगिता में विभिन्न राज्यों तथा देश विदेश से आई लगभग 500 बालिकाएं भाग ले रही हैं।कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में अश्विनी शोरेवाला उपस्थित रहे। आशीष लोहिया जी ने आब्जर्वर के रूप में कार्यक्रम की गरिमा बढ़ाई। इस अवसर पर साकेत मंगल श्याम बंसल पंकज बंसल, जगदीश कोलिया सुनील चौधरी नवनीत गोयल राकेश सर्राफ विपुल सिंगल गगन मित्तल , हरिंदर गुप्ता रश्मि मनचंदा राजेश गर्ग प्रवीण जैन तथा अनेक गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे। कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्वलन के साथ हुआ। इसके पश्चात मुख्य अतिथियों द्वारा खेल मशाल प्रज्वलित की गई ।कार्यक्रम को आकर्षक बनाने के लिए मनमोहक सांस्कृतिक कार्यक्रम भी प्रस्तुत किए गए। तत्पश्चात शांति एकता और सद्भावना के प्रतीक के रूप में गुब्बारे आकाश में छोड़े गए। इस दृश्य ने पूरे वातावरण को उल्लास और उत्साह से भर दिया।



सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि ग्राम पंचायत गांगोली में जल कर्मी के एक रिक्त पद पर नियुक्ति के लिए आवेदन आर्मंत्रित हैं। आवेदनकर्ता उसी गांव का ही निवासी हो। यदि किसी अवस्था में जल कर्मी के काम के लिए ग्राम विशेष में लोग पर्याप्त संख्या में उपलब्ध न हो तो नजदीक के किसी गांव के निवासी को भी लगाए जाने की अनुमति दी जाएगी। आवेदक स्त्री हो या पुरूष शारीरिक रूप से कार्य करने में समर्थ एवं स्वस्थ होना चाहिए तथा उसकी आयु 18 वर्ष से 42 वर्ष के बीच होनी चाहिए व आरक्षित श्रेणी को आरक्षण का लाभ दिया जाएगा। आवेदनकर्ता 10वीं पास होना चाहिए। वह किसी भी कार्य दिवस में अपना आवेदन कमरा नं. 10, खंड विकास एवं पंचायत अधिकारी पिल्लुखेड़ा के कार्यालय में दिनांक 16.10.2026 से 30.10.2026 तक (कार्यालय समय प्रातः 9:00 बजे से सायं 5:00 बजे तक) जमा करवा सकता है।

सरपंच — खंड विकास एवं पंचायत अधिकारी,
ग्राम पंचायत गांगोली। — -कम-कमेटी सदस्य सचिव पिल्लुखेड़ा (जीन्द)

खबर संक्षेप

सावधान! अब आरटीओ चालान के नाम पर ठगी

कैथल। जिला पुलिस अधीक्षक कैथल मनप्रीत सिंह सूदन ने आमजन को साइबर अपराध से सचेत करते हुए बताया कि साइबर ठगों ने अब ठगी का नया तरीका इजाद किया है। जालसाज खुद को आरटीओ अधिकारी बताकर लोगों को व्हाट्सऐप पर ट्रैफिक चालान के नाम पर एक एपीके फाइल भेज रहे हैं। जैसे ही कोई व्यक्ति इस फाइल को डाउनलोड और ओपन करता है तो उसका मोबाइल फोन हैक हो जाता है, जिससे ठग बैंकिंग डिटेल्स, व्यक्तिगत जानकारियां और ओटीपी आदि तक पहुंच बना लेते हैं और आर्थिक नुकसान पहुंचाते हैं।

एचडीएफसी बैंक को उपभोक्ता आयोग ने लगाई फटकार

कैथल। जिला उपभोक्ता आयोग ने एक वकील की शिकायत पर एचडीएफसी बैंक को फटकार लगाते हुए लोन लेने के लिए वकील के खाते से काटे गए फाइल चार्ज को वापस लौटाने तथा 2000 रुपए मुआवजे के आदेश दिए हैं। इस बारे में एडवोकेट हरपाल दूहन ने जिला उपभोक्ता आयोग में 17 सितंबर 2025 को शिकायत दायर की थी। शिकायतकर्ता ने कहा कि उसने एचडीएफसी बैंक से लोन लेने के लिए के संबंधित कर्मचारी के पास सभी आवश्यक दस्तावेज जमा करवाए थे। लेकिन उसका कोई ऋण स्वीकृत नहीं किया गया। इसकी बजाय, बैंक ने 30 सितंबर 2024 को बिना किसी कारण उसके खाते से फाईल चार्जिज के नाम पर 8,850 रुपये काट लिए।

दीपेंद्र हुड्डा के वायरल वीडियो पर दी कृषि मंत्री ने प्रतिक्रिया

भारतीय जनता पार्टी संगठन से चलती है कांग्रेस परिवारवाद से : श्याम सिंह राणा

बोले, नेता जनता बनाती है, किसी नेता के साथ फोटो खिंचवाने से कोई नेता नहीं बन जाता

- यदि पूरे संगठन के फैसले एक परिवार करेगा तो यह गलत होगा
- यूरिया की कीमत करीब तीन हजार रुपये तक होने के बावजूद किसानों को यह 266 रुपये में मिल रहा है

हरिभूमि न्यूज ▶▶ उचाना

गुरूवार को उचाना में पीआर धान की खरीद, उठान की जानकारी लेने के लिए कृषि मंत्री श्याम सिंह राणा कपास मंडी में स्थित किसान सेवा केंद्र में पहुंचे। एसडीएम सुमन यादव (आईएएस), मार्केट कमेटी चेयरमैन सुरेंद्र खरकभूरा, प्रवीण गर्ग ने कृषि मंत्री का स्वागत किया। मंडी प्रधान सत्यवान पेगां, दलबीर श्योकंद ने मंडी में उठान नहीं होने की समस्या को रखा। दीपेंद्र हुड्डा की वायरल हो रही वीडियो को लेकर कृषि मंत्री श्याम सिंह राणा ने भी प्रतिक्रिया दी है। उचाना मंडी पहुंचे कृषि मंत्री ने कांग्रेस पर परिवारवाद को लेकर निशाना साधते हुए कहा कि बैरिकेड्स को दीपेंद्र हुड्डा कंट्रोल कर लें, यह अच्छी बात है, लेकिन असली मुद्दा परिवारवाद का है। पंडित जवाहरलाल नेहरू की पार्टी कांग्रेस में परिवारवाद हावी है। भाजपा में संगठन फैसला लेता है, जबकि कांग्रेस में परिवार फैसला करता है। कृषि मंत्री ने कहा कि किसी नेता के साथ फोटो खिंचवाने से कोई नेता नहीं बन जाता। नेता जनता बनाती है। जनता के बीच जाकर काम करने वाला ही नेता बनता है। कोई नेता किसी को नेता नहीं बनाता। उन्होंने कहा कि भाजपा संगठन के आधार पर चलती है, जबकि कांग्रेस परिवारवाद के आधार पर। यदि पूरे संगठन के फैसले एक परिवार करेगा तो यह गलत होगा, लेकिन जब फैसला पूरा संगठन लेगा तो उसके सही होने की संभावना अधिक होगी। पत्रकार वार्ता के दौरान कृषि मंत्री ने धान खरीद व्यवस्था पर कहा कि मंडियों में ट्रांसपोर्ट, खरीद एजेंसियों और बारदाने की व्यवस्था को लेकर सरकार गंभीर है। खाद की उपलब्धता पर उन्होंने कहा कि यूरिया, डीएपी, एनपीके और एसएसपी सहित विभिन्न प्रकार के उर्वरक विदेशों से मंगवाने पड़ते हैं। इनकी खरीद के लिए सरकार को पहले से व्यवस्था करनी होती है। उन्होंने दावा किया कि विदेशों में यूरिया की कीमत करीब तीन हजार रुपये तक होने के बावजूद किसानों को यह 266 रुपये में उपलब्ध करवाया जाता है। इसी प्रकार अन्य उर्वरक भी किसानों को सस्ती दरों पर दिए जाते हैं।



उचाना। कृषि मंत्री के समक्ष अपनी बात रखते हुए किसान। फोटो : हरिभूमि



नरवाना। कृषि मंत्री किसानों से बात चीत करते हुए। फोटो : हरिभूमि



जुलाना। नई अनाजमंडी में तृतीय भाग का शिलान्यास करते कृषि मंत्री श्याम सिंह राणा।

आगे बढ़ने के लिए आत्ममंथन जरूरी : राणा

श्याम सिंह राणा ने कहा कि वर्ष 2024 से पहले भी कांग्रेस कई चुनाव हार चुकी है। एसआईआर का उद्देश्य मतदाता सूची में सही मतदाताओं के नाम सुनिश्चित करना है। कांग्रेस को आरोप लगाने के बजाय अपनी कमियों को पहचानकर उनमें सुधार करना चाहिए। कृषि मंत्री ने कहा कि उन्होंने स्वयं आठ चुनाव लड़े हैं और दो चुनावों में जीत हासिल की है। उन्होंने कभी अपनी हार के लिए किसी दूसरे को जिम्मेदार नहीं ठहराया, बल्कि इसे अपनी तपस्या और प्रयासों में कमी के रूप में देखा। उन्होंने कहा कि किसी भी पार्टी या नेता को आगे बढने के लिए आत्ममंथन और सुधार करना जरूरी है।

कृषि मंत्री ने नरवाना मंडी का दौरा किया

नरवाना। हरियाणा के कृषि मंत्री श्याम सिंह राणा ने वीरवार को नई अनाज मंडी मेला ग्राउंड का दौरा किया। इस दौरान कैबिनेट मंत्री ने धान खरीद प्रक्रिया का जायजा लिया और मंडी में उपलब्ध व्यवस्थाओं को जाना। कैबिनेट मंत्री ने कहा कि सरकार के लिए किसान हित सर्वोपरि है और सरकार का भरसक प्रयास है कि उनकी धान का एक-एक दाना समय पर खरीदा जाए। कृषि मंत्री ने कहा कि सरकार का निरंतर प्रयास है कि धान सीजन खरीद प्रक्रिया के दौरान किसान, आढ़ती, मिलर्स और ट्रांसपोर्टर इत्यादि को किसी प्रकार की दिक्कत नहीं आने दी जाएगी। उन्होंने कहा कि धान का एक-एक दाना एमएसपी पर खरीदा जाएगा और साथ ही उनकी पेमेंट सीधा बैंक खाता में किसान को निर्धारित समय में भेजे जाने के भी निर्देश दिए गए हैं। कृषि मंत्री ने यह भी कहा कि किसानों को आगामी गेहूं बिजाई सीजन के दौरान डीएपी और यूरिया खाद की कोई कमी नहीं रहने दी जाएगी। किसानों की फसल को समुचित तरीके से खरीदा जाएगा और साथ ही उठान प्रक्रिया भी सुचारू रूप से चलेगी। कृषि मंत्री ने कहा की सरकार द्वारा किसानों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए प्रदेश की सभी मंडियों में आधारभूत ढांचा को मजबूत और दुरुस्त किया गया है। उन्होंने बताया कि प्रत्येक मंडी में नए और मजबूत शेड बनाए गए हैं , साथ ही किसान की फसल साफ और धूल मिट्टी से दूर रहे इसके लिए सीसी की सड़क भी मंडियों में बनाई गई है। उन्होंने कहा कि खाद के लिए किसानों को लाइन लगाने की जरूरत नहीं है सिर्फ उनका मेरी फसल मेरा ब्यौरा पर पंजीकरण जरूरी है जिस भी किसान का मेरी फसल मेरा ब्यौरा पोर्टल पर पंजीकरण होगा उसे पर्याप्त मात्रा में समय पर खाद अवश्य मुहैया करवाई जाएगी। कृषि मंत्री ने कहा कि वह खुद किसानी कर रहे हैं और किसानों की दिक्कतों को अच्छी प्रकार से समझते हैं। खुले आसमान के नीचे किसान अपनी फसल उगाता है। और कई बार मौसमी मार की वजह से उसे दिक्कत पेश आती हैं लेकिन फिर भी सरकार हमेशा किसान को हर विपरीत परिस्थिति में भी उचित सहायता प्रदान करती है।सभी मंडियों में खरीद कार्य सुचारू रूप से चल रहा है और इसके लिए पुख्ता प्रबंध सरकार द्वारा किए गए हैं।

नई अनाजमंडी में निर्माण कार्य का शिलान्यास

जुलाना। जुलाना कस्बे की नई अनाजमंडी में तृतीय भाग के निर्माण कार्य का शिलान्यास किया गया। इस मौके पर कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता हरियाणा समाज कल्याण बोर्ड के चेयरमैन कैप्टन योगेश बैरागी ने की और हरियाणा के कृषि मंत्री श्याम सिंह राणा ने मुख्य रूप से शिरकत की। कृषि मंत्री ने नारियल फोड़कर निर्माण कार्य का विधिवत शिलान्यास किया। इस परियोजना पर करीब छह करोड़ 82 लाख रुपये की लागत आएगी। मंडी में नए निर्माण कार्य से किसानों को फसल बेचने के दौरान बेहतर सुविधाएं मिलेगी। कार्यक्रम के दौरान कृषि मंत्री श्याम सिंह राणा ने कहा कि प्रदेश सरकार किसानों के हितों को ध्यान में रखते हुए लगातार काम कर रही है। किसानों को फसल बेचने में किसी प्रकार की परेशानी न होए इसके लिए अनाजमंडियों में आवश्यक सुविधाओं को मजबूत किया जा रहा है। सरकार का प्रयास है कि किसानों को उनकी फसल का उचित मूल्य मिले और मंडियों में उपज लेकर आने वाले किसानों को बेहतर व्यवस्थाएं उपलब्ध करवाई जाएं।उन्होंने कहा कि कृषि प्रदेश की अर्थव्यवस्था का प्रमुख आधार है और किसानों की मेहनत से ही प्रदेश की खाद्यान्न जरूरतें पूरी होती हैं। ऐसे में किसानों को आधुनिक सुविधाएं उपलब्ध करवाना सरकार की प्राथमिकताओं में शामिल है। अनाजमंडियों में आधारभूत ढांचे का विकास होने से फसलों की खरीद और बिक्री की प्रक्रिया को सुचारू बनाने में मदद मिलेगी। कैप्टन योगेश बैरागी ने कहा कि अनाजमंडी में तृतीय भाग के निर्माण कार्य पर छह करोड़ 82 लाख रुपये खर्च किए जाएंगे। इस परियोजना का उद्देश्य मंडी के बुनियादी ढांचे का विस्तार करना और किसानों को बेहतर सुविधाएं उपलब्ध करवाना है। इस मौके पर पूर्व प्रदेश अध्यक्ष मोहन लाल बडौली, मार्केट कमेटी के चेयरमैन मीनू शर्मा, एसडीएम होशियार सिंह, गौरव भारद्वाज, नपा चेयरमैन डा. संजय जांगड़ा, मंडल अध्यक्ष प्रदीप शर्मा, सतीश शर्मा, सचिव कोमिला, यशवंत करसोला आदि मौजूद रहे।

गरबा-डांडिया की धूम के साथ महिलाओं और बच्चों ने लिया कार्यक्रम का आनंद

पूंडरी। रंगशाला आर्ट एकेडमी की ओर से जन्नत पैलेस में भव्य गरबा नाइट कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में एक किरण उम्मीद की संस्था की अध्यक्ष निधि मोहन ने सहयोगी के रूप में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई और अतिथि के तौर पर उपस्थित रहकर कार्यक्रम की शोभा बढ़ाई। वहीं अट्रैक्शन पार्लर की मोनिका ने भी कार्यक्रम में सहयोग दिया। कार्यक्रम का शुभारंभ मां दुर्गा की आरती के साथ किया गया। इसके बाद गरबा और डांडिया की शानदार प्रस्तुतियों ने पूरे माहौल को भक्तिमय और उत्साहपूर्ण बना दिया। कार्यक्रम में महिलाओं के लिए मनोरंजक खेलों का आयोजन किया गया, जिनमें सभी ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। प्रतिभागियों को प्रोत्साहित करने के लिए रिटर्न गिफ्ट भी दिए गए। कार्यक्रम में अट्रैक्शन पार्लर की मोनिका की ओर से करवा चौथ स्पेशल कूपन भी वितरित किए गए, जिससे महिलाओं में खासा उत्साह देखने को मिला।विवेंद्र शर्मा ने विधिवत पूजा करवायी , इस अवसर पर राजकीय विद्यालय सीरसल के बच्चों ने पेंटिंग और रंगोली के माध्यम से अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया।



पूंडरी। कार्यक्रम में भाग लेती महिलाएं। फोटो :हरिभूमि

सांसद जिन्दल की पहल पर डोहर और मलिकपुर में लगा नि:शुल्क हेल्थ कैंप

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गुहला-चीका

सांसद नवीन जिन्दल की पहल पर नवीन जिन्दल फाउंडेशन की मोबाइल मेडिकल यूनिट की ओर से गांव डोहर और मलिकपुर में निशुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर लगाए गए। डॉ. बलिंद्र संधू के नेतृत्व में पहुंची चिकित्सकीय टीम ने दोनों गांवों में कुल 97 लोगों के स्वास्थ्य की जांच कर उन्हें आवश्यक चिकित्सकीय परामर्श दिया। शिविरों में रक्तचाप, मधुमेह सहित विभिन्न सामान्य बीमारियों की जांच की गई। इस दौरान 85 जरूरतमंद मरीजों को मौके पर ही निशुल्क दवाइयां उपलब्ध करवाई गईं, जबकि 12 लोगों के रक्त एवं यूरिन के परीक्षण किए गए। चिकित्सकों ने ग्रामीणों को संतुलित खान-पान, स्वास्थ्य संबंधी सावधानियों और विभिन्न बीमारियों से बचाव के उपायों के बारे में भी जागरूक किया। सांसद कार्यालय प्रभारी रविंदर धीमान ने बताया कि मोबाइल मेडिकल यूनिट का मुख्य उद्देश्य ग्रामीण क्षेत्रों में लोगों को उनके घर के नजदीक प्राथमिक स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध करवाना है। ऐसे में मोबाइल मेडिकल यूनिट गांवों में ही स्वास्थ्य जांच, चिकित्सकीय परामर्श और निशुल्क दवाइयां उपलब्ध करवाकर लोगों के लिए लाभकारी साबित हो रही है।गांव डोहर के सरपंच प्रतिनिधि मक्खन सिंह ने सांसद नवीन जिन्दल का आभार व्यक्त किया।



गुहला चीका। गांव में लगाए गए निशुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर के दौरान मरीज की जांच करते डॉ।

गांव फरल में सेवा सेतु शिविर का आयोजन

कैथल। सेवा संकल्प अभियान के तहत गांव फरल में सेवा सेतु शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में पूंडरी मार्किट कमेटी चेयरमैन सुभाष हजवाना और मंडलाध्यक्ष मनोज राणा ने शिरकत की। उन्होंने अधिकारियों के साथ विभिन्न विभागों की ओर से लगाए गए स्टॉलों का निरीक्षण किया और संबंधित योजनाओं की जानकारी प्राप्त की। इस दौरान उन्होंने शिविर में पहुंचे नागरिकों से बातचीत कर उनकी समस्याओं के बारे में जाना। इस अवसर पर सुभाष हजवाना ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पिछले 25 वर्षों से निरंतर जनसेवा के कार्यों में जुटे हुए हैं। उनके नेतृत्व में भारत विश्व पटल पर अपनी अलग पहचान बना रहा है। देश में विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाएं लागू की जा रही हैं, जिनका लाभ पात्र लोगों तक पहुंचाने के प्रयास किए जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी भी प्रदेश के विकास और जनकल्याण के लिए निरंतर कार्य कर रहे हैं। सरकार की ओर से महिलाओं को सशक्त एवं आत्मनिर्भर बनाने के उद्देश्य से लाडो लक्ष्मी योजना सहित अनेक योजनाएं चलाई जा रही हैं। सुभाष हजवाना ने कहा कि सेवा सेतु शिविरों का उद्देश्य सरकारी योजनाओं का लाभ पात्र नागरिकों तक पहुंचाना और उनकी समस्याओं का समाधान सुनिश्चित करना है।



कैथल। पूंडरी मार्किट कमेटी चेयरमैन सुभाष हजवाना सेवा सेतु शिविर का अवलोकन करते हुए।

गोल्ड लाइफ स्कूल में इंटर-स्कूल प्रतियोगिता के विजेता सम्मानित

राजौंद। गोल्ड लाइफ स्कूल, राजौंद में इंटर-स्कूल प्रतियोगिता का आयोजन किया गया, जिसमें गौर पब्लिक स्कूल, कैलरम के विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। प्रतियोगिता का उद्देश्य विद्यार्थियों की शैक्षणिक प्रतिभा को निखारना और उनमें प्रतिस्पर्धा की भावना विकसित करना रहा। प्रतियोगिता में कक्षा पांचवीं, आठवीं और दसवीं के विद्यार्थियों ने दो घंटे में प्रश्नपत्र हल कर अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। प्रतियोगिता के बाद उत्तर पुस्तिकाओं का मूल्यांकन कर प्रत्येक कक्षा में प्रथम, द्वितीय और तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों का चयन किया गया। विजेताओं को क्रमशः 1100, 750 और 500 रुपये के नकद पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर विद्यार्थियों ने विद्यालय परिसर का भ्रमण कर विभिन्न गतिविधियों और व्यवस्थाओं की जानकारी भी ली।



राजौंद। गोल्ड लाइफ स्कूल में आयोजित इंटर-स्कूल प्रतियोगिता के विजेता विद्यार्थियों को नकद पुरस्कार देकर सम्मानित करते हुए विद्यालय प्रबंधन। फोटो : हरिभूमि

नागरिक अस्पताल में क्यूआर कोड से होगा ओपीडी और लैब टेस्ट का भुगतान

- अस्पताल में आने वाले लोगों को नकदी रखने का झंझट खत्म

हरिभूमि न्यूज ▶▶ जींद

जिला मुख्यालय स्थित नागरिक अस्पताल में इलाज के लिए आने वाले मरीजों और उनके तीमारदारों को अब ओपीडी पर्ची, इमरजेंसी पर्ची और ब्लड बैंक की फीस जमा करवाने के लिए नगदी लेकर घूमने की जरूरत नहीं पड़ेगी। अस्पताल में मरीजों की सुविधा के लिए क्यूआर कोड से भुगतान की व्यवस्था शुरू की गई है। इसके तहत इमरजेंसी, पर्ची काउंटर, ब्लड बैंक सहित अस्पताल में कई स्थानों पर क्यूआर कोड स्कैनर लगाए गए हैं। मरीज क्यूआर कोड स्कैन करके आसानी से ऑनलाइन भुगतान कर सकेंगे। इससे खुले पैसे की समस्या से भी छुटकारा मिलेगा और भुगतान की प्रक्रिया पहले के मुकाबले आसान होगी। गौरतलब है कि नागरिक अस्पताल में प्रतिदिन 1500 से अधिक मरीज ओपीडी में जांच करवाने के लिए पहुंचते हैंद्ध जबकि लैब में 500 से अधिक टेस्ट किए जाते हैं। सबसे पहले मरीज लाइनों में लग कर पर्ची कटवाते हैं। इसके बाद चिकित्सकों के कमरों और फिर दवा लेने में काफी समय लग जाता है। मरीजों की इस संख्या को देखते हुए डिजिटल भुगतान की सुविधा काफी उपयोगी साबित हो सकती है। खासकर उन मरीजों और तीमारदारों को राहत मिलेगी, जिन्हें पर्ची बनवाने या विभिन्न जांचों की फीस जमा करवाने के लिए समय लग जाता था।



जींद। क्यूआर कोड दिखाते हुए पीएमओ डा. रघुवीर पूनिया।

बढ़ती महंगाई के विरोध में अखिल भारतीय जनवादी महिला समिति ने सौंपा ज्ञापन

जींद। अखिल भारतीय जनवादी महिला समिति ने गुरूवार को बेतहाशा बढ़ती महंगाई के विरोध स्वरूप नगराधीश मोनिका को ज्ञापन सौंपा। जिला सचिव कोसिगन, कोषाध्यक्ष नूतन प्रकाश व सदस्य हथेली ने ज्ञापन सौंपने से पहले ने कहा कि देश और प्रदेश में खाद्य पदार्थों, सब्जियों, खाद्य तेल, पेट्रोल व डीजल और रसोई गैस की बढ़ती कीमतों ने आम जनता की कमर तोड़ दी है। गरीब परिवारों की थाली से पौष्टिक भोजन गायब हो रहा है। भूख और कुपोषण का संकट लगातार गंभीर होता जा रहा है। बेरोजगारी, घटती वास्तविक मजदूरी, महंगी शिक्षा और स्वास्थ्य सेवाओं तथा बढ़ते कर्ज ने महिलाओं की मुश्किलें कई गुना बढ़ा दी हैं। परिवार का बजट संभालने और बच्चों का पेट भरने की सबसे बड़ी जिम्मेदारी उठाने वाली महिलाओं को महंगाई की सबसे भारी मार झेलनी पड़ रही है। त्योहारों के मौसम में यह स्थिति बेहद दुखदायक है। सरकार की आमजनविरोधी आर्थिक नीतियों और कल्याणकारी योजनाओं के बजट में लगातार कटौती के कारण जरूरतमंद परिवार अपने अधिकारों से वंचित हो रहे हैं।



जींद। सीटीएम मोनिका को ज्ञापन सौंपते हुए जनवादी महिला समिति सदस्य।

नरवाना और उचाना में शैक्षणिक सुधारों की समीक्षा में दिए निर्देश

- 90 दिवसीय कार्ययोजना पर मंथन
- 60 दिन से अधिक समय से विजिट नही किए गए स्कूलों पर रहा फोकस

हरिभूमि न्यूज ▶▶ जींद

निपुण हरियाणा मिशन के तहत प्राथमिक कक्षाओं के विद्यार्थियों का शैक्षणिक स्तर सुधारने और निर्धारित निपुण लक्ष्यों को हासिल करने के उद्देश्य से नरवाना और उचाना खंड में खंड स्तरीय बीपीआईयू (ब्लॉक प्रोग्राम इ प्लीमेंटेशन यूनिट) बैठकों का आयोजन किया गया। नरवाना में खंड शिक्षा अधिकारी संतोष शर्मा और उचाना में खंड शिक्षा अधिकारी ओम प्रकाश आर्य ने बैठक की अध्यक्षता की। बैठकों में स्कूलों में एफएलएन गतिविधियों की प्रगति, नियमित निरीक्षण, कमजोर विद्यार्थियों के सीखने के स्तर और 90 दिवसीय कार्ययोजना के प्रभावी क्रियान्वयन पर विस्तार से चर्चा की गई। जिला समन्वयक एफएलएन राजेश वशिष्ठ ने बताया कि दोनों खंडों की बैठकों में ब्लॉक कॉर्डिनेटर कुसुम और प्रवीण धीमान ने अपने-अपने खंड की शैक्षणिक गतिविधियों और निपुण मिशन की प्रगति का ब्योरा प्रस्तुत किया। स्कूलों में चल रही गतिविधियों की समीक्षा करते हुए निर्देशित किया कि निर्धारित लक्ष्यों को प्राप्त करने के लिए सभी संबंधित अधिकारी और कर्मचारी आपसी समन्वय के साथ काम करें।



जींद। बैठक में मंथन करते हुए अध्यापक। फोटो :हरिभूमि

सीएचसी राजौंद में स्वास्थ्य जांच शिविर लगा

राजौंद। सेवा संकल्प अभियान के तहत सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र (सीएचसी) राजौंद में विशेष स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में भाजपा मंडल अध्यक्ष सुशील पांचाल ने मुख्य अतिथि के रूप में शिरकत की।शिविर के दौरान स्वास्थ्य विभाग की चिकित्सकीय टीम ने करीब 150 मरीजों के स्वास्थ्य की निःशुल्क जांच की। मरीजों को आवश्यक चिकित्सकीय परामर्श देने के साथ-साथ जरूरत के अनुसार निःशुल्क दवाइयां भी वितरित की गईं। मुख्य अतिथि सुशील पांचाल ने स्वास्थ्य विभाग की ओर से आयोजित इस पहल की सराहना करते हुए कहा कि ऐसे स्वास्थ्य शिविरों से लोगों को अपने स्वास्थ्य की जांच करवाने और समय पर उपचार प्राप्त करने का अवसर मिलता है। उन्होंने कहा कि सेवा संकल्प अभियान का उद्देश्य समाज के अंतिम व्यक्ति तक बेहतर स्वास्थ्य सेवाएं पहुंचाना है।

हरिभूमि
आवश्यक सूचना
जिन पाठकों को अखबार मिलने में किसी भी प्रकार की असुविधा हो रही हो या उनके घर में कोई अन्य अखबार दिया जा रहा हो वह इन टेलीफोन नम्बरों पर सम्पर्क करें या व्हाट्सअप करें :-
हुड्डा कॉम्पलेक्स, डी.आर.डी.ए. के सामने, जीन्द
हरिभूमि कार्यालय, करनाल रोड, जाट स्टेडियम के सामने, कैथल
फोन : 8295154800, 8295157800, 8814999186, 8814999166, 9253681005

सर्वजातीय बिनैण खाप का ऐलान : 22 अक्टूबर से सुरेवाला चौक पर शुरू होगा धरना

सुदेश नैन को न्याय दिलाने के लिए खापों और संगठनों से मांगा समर्थन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नरवाना

सुदेश नैन को न्याय दिलाने की मांग को लेकर सर्वजातीय बिनैण खाप ने आंदोलन का बिगुल बजा दिया है। खाप प्रधान रघुवीर नैन ने ऐलान किया कि आगामी 22 अक्टूबर को सुबह 10 बजे सुरेवाला चौक पर सर्वजातीय बिनैण खाप की अध्यक्षता में बड़े स्तर पर धरना शुरू किया जाएगा। उन्होंने स्पष्ट शब्दों में कहा कि जब तक सरकार संबंधित मुकदमा रद्द नहीं करती और अपनी गलती स्वीकार नहीं करती, तब तक धरना जारी रहेगा। मीडिया के सामने अपना फैसला सुनाते हुए रघुवीर नैन ने कहा कि पत्रकार सुदेश नैन को न्याय दिलाना खाप की प्राथमिकता है और इस मामले में सभी फैसले लेने का अधिकार लितानी गांव को दिया जाएगा। उन्होंने बताया कि धरने के दौरान आंदोलन की आगामी रणनीति और आगे की कार्रवाई से जुड़े सभी फैसले लेने का अधिकार लितानी गांव को दिया जाएगा। रघुवीर नैन ने आंदोलन के प्रति उन्होंने विशेष रूप से मोर खाप और सातरोल खाप से समर्थन मांगा और कहा कि सुदेश नैन हमारी बेटी है और मोर खाप की बहू है, इसलिए इस मामले में सभी को एकजुट होकर न्याय की आवाज बुलंद करनी चाहिए। उन्होंने कहा कि यह समय अपनी स्थिति स्पष्ट करने का है, क्योंकि पत्रकार सुदेश नैन को न्याय दिलाने की मांग को लेकर समाज एकजुट होकर आगे बढ़ रहा है। खाप प्रधान ने दोहराया कि सरकार जब तक संबंधित मुकदमा रद्द नहीं करती और अपनी गलती स्वीकार नहीं करती, तब तक यदि धरने के दौरान आमरण अनशन की नौबत आती है तो सबसे पहले वह खुद आमरण अनशन पर बैठेंगे। उन्होंने कहा मैं आपको वचन देता हूं कि न मैं बिकूंगा और न मैं झुकूंगा। उनके सुरेवाला चौक पर धरना जारी रहेगा। उन्होंने प्रदेश की सभी खापों, सामाजिक संगठनों, किसान संगठनों, पत्रकार संगठनों और क्षेत्र के लोगों से 22 अक्टूबर को सुबह 10 बजे सुरेवाला चौक पहुंचकर आंदोलन को समर्थन देने की अपील की। सर्वजातीय बिनैण खाप के इस ऐलान के बाद अब 22 अक्टूबर को होने वाले धरने पर सबकी निगाहें टिकी हैं। खाप का कहना है कि पत्रकार सुदेश नैन को न्याय दिलाने की मांग को मजबूती से उठाया जाएगा और सरकार से मामले में उचित कार्रवाई की मांग जारी रहेगी।



नरवाना। बिनैन खाप के चबूतरे पर बिगुल बजा प्रधान रघुवीर नैन के नेतृत्व में।

सभी फैसले लेने का अधिकार लितानी गांव को दिया जाएगा